सूर्योदय दि. 09-08-2020
दिल्ली स्टै. टा.
सूर्यास्त दि.30-17/33 दि.5 -17/37

अधिकतम तापमान 31.1°
न्यूनतम तापमान 34.1°

Open Search

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
RNI No.DELHIN/2015/66886

# ओपन सर्च

E-mail | opensearchdelhi@gmail.com
Facebook | https://www.facebook.com/opensearch.co.in
Website | www.opensearch.co.in



खुद को संभालना हो जाएगा मुश्किल!..... पृष्ठ-8

वर्ष : 05 | अंक : 245 | नई दिल्ली, रविवार, 09 अगस्त-2020 | ₹ मूल्य : 02 रूपए | पृष्ठ : 08

## चीनी घुसपैठ पर सच बोलकर सत्याग्रह की शुरुआत करे मोदी : राहुल

**नयी दिल्ली.एजेंसी।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने चीनी घुसपैठ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर गलत बयानी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह गुमराह करने की नयी परिपाटी शुरू कर लोकतंत्र का मजाक उड़ाने की बजाय इस मुद्दे पर सच बोलकर सत्याग्रह की शुरुआत करे। श्री गांधी ने आज यह जारी बयान में कहा , क्यों नहीं! हमें तो एक कदम आगे बढ़कर, देश में बढ़ती 'असत्य की गंदगी' भी साफ़ करनी है। क्या प्रधानमंत्री चीनी आक्रमण का सत्य देश को बताकर इस सत्याग्रह की शुरुआत करेंगे। इससे पहले उन्होंने चीनी घुसपैठ पर विस्तृत विवरण देने वाले रक्षा मंत्रालय के वेबसाइट पर अपलोड दस्तावेजों को हटाने पर सरकार पर फिर कड़ा हमला किया और कहा कि यह सरकार का लोकतंत्र विरोधी काम है और इसे बर्दास्त नही किया जा सकता है। श्री गांधी ने लिखा, जब जब देश भावुक हुआ, फ़ाइलें गायब हुईं। माल्या हो या राफ़ेल, मोदी या चोकसी... गुमशुदा लिस्ट में लेटेस्ट हैं चीनी अतिक्रमण वाले दस्तावेज। ये संयोग नहीं, मोदी सरकार का लोकतंत्र-विरोधी प्रयोग है।

## सीने में उठे अचानक दर्द के कारण संजय दत्त अस्पताल में भर्ती

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त को सीने में तकलीफ के बाद शनिवार शाम लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनका इलाज कर रहे डॉक्टरों ने कहा कि उन्हें एक गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती कराया गया है लेकिन वह स्थिर हैं। संजय दत्त को कोरोना वायरस का भी टेस्ट करवाय है जिसकी रिपोर्ट नेगिटिव आयी हैं। दत्त, जिनकी आयु 61 वर्ष है, ने पिछले सप्ताह 29 जुलाई को अपना जन्मदिन मनाया। शनिवार को उन्हें ऑक्सीजन की कमी के स्तर और सीने में तकलीफ का सामना करना पड़ा। उन्हें लीलावती अस्पताल ले जाया गया जहां कोविद -19 के लिए तेजी से प्रतिजन परीक्षण नकारात्मक आया। चूंकि परीक्षण में कम विशिष्टता है, जिसका अर्थ है कि यह एक सकारात्मक मामले होने की संभावना है।

# मोदी का गंदगी भारत छोड़ो अभियान चलाने का आह्वान

## 'स्वच्छ भारत अभियान' से पैदा हुई चेतना का बड़ा लाभ कोरोना वायरस के विरुद्ध लड़ाई में मिला : पीएम

**नयी दिल्ली.जिवय कुमार**




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोरोना महामारी से लड़ने में साफ सफाई के महत्व पर बल देते हुए देश भर में आगामी एक सप्ताह तक गंदगी भारत छोड़ो अभियान चलाने का आह्वान किया है।

राजधानी में राजघाट के समीप आज राष्ट्रीय स्वच्छता केंद्र का लोकार्पण करने के बाद प्रधानमंत्री ने कहा कि कोरोना महामारी से लड़ने में साफ सफाई की प्रवृति ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। कोरोना के खिलाफ लड़ाई में देश को मिली सफलता में स्वच्छ भारत अभियान का बडा योगदान रहा है। उन्होंने देशवासियों का आह्वान करते हुए कहा, आज से 15 अगस्त तक यानि स्वतन्त्रता दिवस तक देश में एक सप्ताह लंबा अभियान चलाएं। स्वराज के सम्मान का सप्ताह यानि 'गंदगी भारत छोड़ो सप्ताह'। मेरा हर जिले के जिम्मेदार अफसरों से से आग्रह है कि इस सप्ताह में अपने-अपने जिलों के सभी गांवों में सामुदायिक शौचालय बनाने, उनकी मरम्मत का अभियान चलाएं। जहां दूसरे राज्यों से श्रमिक साथी रह रहे हैं, उन जगहों पर प्राथमिकता के आधार पर ये हो। इसी तरह, गंदगी से कंपोस्ट बनाने का काम हो, गोबरधन हो, जल संसाधन हो, सिंगल यूज़ प्लास्टिक से मुक्ति हो, इसके लिए हमें मिलकर आगे बढ़ना है। कोरोना के खिलाफ जंग में साफ सफाई के महत्व का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा , ÷ देश के बच्चे-बच्चे में व्यक्तिगत और सामाजिक साफ सफाई को लेकर जो चेतना पैदा हुई है, उसका बहुत बड़ा लाभ कोरोना के विरुद्ध लड़ाई में भी हमें मिल रहा है। आप ज़रा कल्पना कीजिए, अगर कोरोना जैसी महामारी 2014 से पहले आती तो क्या स्थिति होती? शौचालय के अभाव में क्या हम संक्रमण की गति को कम करने से रोक पाते? क्या तब लॉकडाउन जैसी व्यवस्थाएं संभव हो पातीं, जब भारत की 60 प्रतिशत आबादी खुले में शौच के लिए मजबूर थी स्वच्छाग्रह ने कोरोना के खिलाफ लड़ाई में हमें बहुत बड़ा सहारा दिया है, माध्यम दिया है।

### राष्ट्रीय स्वच्छता केंद्र का किया उद्घाटन



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को यहां राजघाट के समीप स्थित 'राष्ट्रीय स्वच्छता केंद्र' का उद्घाटन किया। महात्मा गांधी को समर्पित राष्ट्रीय स्वच्छता केंद्र (आरएसके) की प्रधानमंत्री ने सबसे पहले घोषणा 10 अप्रैल 2017 को गांधीजी के चम्पारण 'सत्याग्रह' के 100 वर्ष पूरे होने के मौके पर की थी। यह स्वच्छ भारत मिशन पर एक परस्पर संवादात्मक (इंटरैक्टिव) अनुभव केंद्र होगा। आरएसके पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री ने वहां स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और केंद्र का अवलोकन किया। आरएसके में स्थित सभागार में प्रधानमंत्री ने 'दर्शक 360 डिग्री' का अनूठा ऑडियो-विजुअल कार्यक्रम देखा, जिसमें भारत की स्वच्छता की कहानी यानी दुनिया के इतिहास में लोगों की आदतों में बदलाव लाने वाले सबसे बड़े अभियान की यात्रा दिखाई गई। इसके बाद मोदी दिल्ली के 36 स्कूली छात्रों से बातचीत करेंगे जो 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करेंगे और फिर अपना संबोधन देंगे।

# बसपा विधायकों ने नोटिस मिलने के बाद उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की



उच्च न्यायालय ने पांच अगस्त को बसपा से कांग्रेस में शामिल होने की चुनौती देने वाली याचिका पर इन विधायकों को नोटिस जारी करके आठ अगस्त तक तामील करवाने के आदेश दिये थे।

**जयपुर.एजेंसी।** राजस्थान में बहुजन समाज पार्टी के छह विधायकों के कांग्रेस में शामिल होने के बारे में उच्च न्यायालय के नोटिस के बाद इन विधायकों ने मामले को उच्चतम न्यायालय में स्थानांरित करने की आज याचिका दायर की। उच्च न्यायालय के नोटिस के तामील होने के बाद इन विधायकों ने आज सर्वोच्च न्यायालय की शरण ली है। उच्च न्यायालय ने पांच अगस्त को बसपा से कांग्रेस में शामिल होने की चुनौती देने वाली याचिका पर इन विधायकों को नोटिस जारी करके आठ अगस्त तक तामील करवाने के आदेश दिये थे। इसके बाद जैसलमेर के जिला न्यायाधीश ने वहां पंचतारा होटल में ठहरे इन विधायकों को नोटिस तामील कराये। उच्च न्यायालय ने बसपा से कांग्रेस में शामिल होने के विधानसभा अध्यक्ष सी पी जोशी के फैसले पर रोक लगाने के लिये प्रार्थना पत्र पर 11 अगस्त को सुनवाई करके फैसला देने का एकल पीठ को निर्देश दिये हैं। इस मामले की सुनवाई 11 अगस्त को उच्च न्यायालय में की जानी हैं, लेकिन इसके पहले ही इन विधायकों ने सर्वोच्च न्यायालय का रुख कर लिया।

opensearch

# कोरोना मामले साढ़े 21 लाख के पार, पौने 15 लाख से अधिक स्वस्थ

**नयी दिल्ली.एजेंसी।**




देश में कोरोना वायरस संक्रमण की दिनोंदिन बिगड़ती स्थिति के बीच शनिवार को देर रात तक 63,994 नये मामले सामने आने से संक्रमितों की संख्या 21.50 लाख से अधिक हो गयी तथा 868 और लोगों की मौत होने से मृतकों की तादाद 43,446 तक पहुंच गयी लेकिन राहत की बात यह है मरीजों के स्वस्थ होने की दर 69 फीसदी के करीब पहुंच गयी।

विभिन्न राज्यों से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार देर रात तक 63 हजार से अधिक नये मामले सामने आने से संक्रमितों की संख्या 21,50,858 हो गयी है। स्वस्थ होने वालों की दर में निरंतर हो रही वृद्धि के बावजूद संक्रमण के नये मामले बढ़ने से देश में इस दौरान सक्रिय मामलों में 10,869 की बढ़ोतरी हुई जिससे इनकी संख्या 6,29,957 हो गयी है। राहत की बात यह है कि इस दौरान 49,325 लोगों के स्वस्थ होने से संक्रमण मुक्त होने वालों की संख्या भी 14,76,994 पर पहुंच गयी।

इस प्रकार स्वस्थ होने वाले मरीजों की दर बढ़कर आज 68.66 फीसदी हो गयी जो शुक्रवार तक 68.32 प्रतिशत थी जबकि मृत्यु दर 2.01 फीसदी रही। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से शनिवार सुबह जारी आंकड़ों के मुताबिक संक्रमण के 61,537 मामले आने से इनकी संख्या 20,88,612 हो गयी थी। शुक्रवार को 62,538 मामले सामने आये थे। कोरोना से सर्वाधिक प्रभावित महाराष्ट्र में सर्वाधिक 12,822 नये मामले सामने आये, जबकि दक्षिणी राज्य आंध्र प्रदेश में इसके बाद 10,080 मामले, कर्नाटक में 7,178 मामले, तमिलनाडु में 5883 नये मामले, उत्तर प्रदेश में 4,660 मामले , बिहार में 3,992, पश्चिम बंगाल में 2,949 मामले, तेलंगाना में 2256 मामले तथा असम में 2,218 नये मामले सामने आये। महाराष्ट्र में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या में 1159 की बढ़ोतरी होने से सक्रिय मामले 1,47,048 हो गये तथा 275 और लोगों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा 17,367 हो गया।

इस दौरान 11,081 लोग संक्रमण मुक्त हुए जिससे स्वस्थ हुए लोगों की संख्या बढ़कर 3,38,262 हो गयी। देश में सर्वाधिक सक्रिय मामले इसी राज्य में हैं।

### केरल विमान हादसा

# डीजीसीए की जांच रिपोर्ट की प्रतीक्षा करें : हरदीप पुरी

**कोझिकोड.एजेंसी।**





केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को कहा कि करीपुर विमान हादसे को लेकर किसी निष्कर्ष पर तब तक नहीं पहुंचना चाहिए जब तक कि नागरिक उड्डयन महानिदेशालय(डीजीसीए) की जांच अथवा ब्लैकबॉक्स के जरिये दुर्घटना के कारणों का खुलासा ना हो जाए। श्री पुरी ने यहां हवाई अड्डा परिसर पर संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जांच के बाद ही वास्तविक तथ्यों का खुलासा हो सकेगा और परिचालन में कोई कमी होगी तो उसका भी पता चलेगा। उन्होंने मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दुर्घटना में सीमित नुकसान के लिए ईश्वर के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने बचाव कार्य में जी-जान से जुटे सभी अधिकारियों और स्वयंसेवकों और अधिकारियों को घायलों के लिए तात्कालिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए धन्यवाद दिया। केंद्रीय मंत्री ने कथित रूप से ढांचागत कमियों और पायलटों की क्षमता संबंधी रिपोर्टों को खारिज करते हुए कहा कि पायलट अनुभवी था और उसने करीपुर हवाईअड्डे पर पहले भी 27 दफे विमान उतारा था।

### मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रु की सहायता

कोझिकोड, 08 अगस्त (वार्ता) नागरिक उड्डयन मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कालीकट विमान हादसे में मारे गये लोगों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये सहायता राशि देने की शनिवार को घोषणा की।

### 18 लोगों की मौत की पुष्टि

केरल में कोझिकोड अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के रनवे पर विमान के फिसलने से हुए हादसे में 18 लोगों की मौत और कई यात्रियों के घायल होने की शनिवार को पुष्टि की गई और इस बीच कई नेताओं और वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा किया है। कोझिकोड हवाई अड्डे पर एयर इंडिया एक्सप्रेस का विमान का लैंडिंग के दौरान रनवे पर फिसलकर करीब 120 फुट गहरी खाई में गिर गया था।

# बाहरी और अंदरूनी चुनौतियों से एकजुटता से लड़ना होगा : वेंकैया

**नयी दिल्ली.एजेंसी**



उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने बाहरी और भीतरी चुनौतियों से एकजुटता से लड़ने का आह्वान करते हुए शनिवार को कहा कि यदि हम इकट्ठे रहे तो खड़े रहेंगे और बंट गए तो गिर जाएंगे। श्री नायडू ने भारत छोड़ो आंदोलन आठ अगस्त 1942 की वर्षगांठ पर लिखे एक लेख में कहा कि आगे का रास्ता पिछले 1000 वर्षों के अपमानित अनुभव हमें भविष्य की नई राह दिखाएंगे। उन्होंने कहा , ÷पहला सबक यह है कि यदि 'हम इकट्ठे रहे तो खड़े रहेंगे, बंट गए तो गिर जाएंगे।' अंदरूनी तथा बाहरी चुनौतियों तथा हमलों के खिलाफ हमें एकजुट होकर लडना है। हमें समानता तथा सबके लिए एक जैसे मौकों को तलाशना होगा। हमें प्रत्येक भारतीय को सशक्त बनाना होगा। उन्होंने कहा कि हम अपनी स्वतंत्रता के 75 वर्ष को मनाने के निकट हैं, हम अपनी शक्ति को समझें और एक संयुक्त तथा प्रगतिशील भारत का निर्माण करें।श्री नायडू ने कहा कि आधुनिक भारत के इतिहास में अगस्त महीने का विशेष स्थान है। स्वतंत्रता संग्राम का स्वाद 15 अगस्त 1947 को चखा गया। इससे पांच वर्ष पूर्व भारत छोड़ो आंदोलन का बिगुल महात्मा गांधी ने आठ अगस्त को 'करो या मरो' के नारे के साथ फूंका।



## संक्षिप्त समाचार

### विमान हादसा : मरने वाले यात्रियों में एक यात्री निकला कोरोना पॉजिटिव

**कोझिकोड।** केरल में कोझिकोड एयरपोर्ट पर एयर इंडिया एक्सप्रेस विमान एक हादसे का शिकार हो गया। इस घटना में काई लोगों की जा चुकी है। इस बीच यह जानकारी सामने आई है कि मरने वाले यात्रियों में से एक शख्स कोरोना पॉजिटिव था। बता दें कि शुक्रवार शाम हुए हादसे में दो पायलट समेत 18 लोगों की मौत हो गई थी। वंदे भारत मिशन के तहत दुबई से कोझिकोड आ रहा विमान रनवे पर फिसल गया जिससे यह हादसा हुआ। मिली जानकारी के अनुसार विमान हादसे को लेकर जांच चल रही है। स्थिति का जायजा लेने के लिए नागरिक उड्डयन मंत्री हरदीप सिंह पुरी और विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन के अलावा केरल के मुख्यमंत्री पी. विजयन और राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान मौके पर पहुंचे। बता दें कि कोरोना संकट के बीच भारत मिशन के तहत एयर इंडिया एक्सप्रेस का एएक्सबी-1344, बोइंग 737 दुबई से कोझिकोड आ रहा था। केरल में शुक्रवार को तेज बारिश हो रही थी।

### गोगावां में उपद्रव के उपरांत धारा 144 लगाई गई

**खरगोन।** मध्यप्रदेश के खरगोन जिले के गोगावां में एक सोशल मीडिया पोस्ट के चलते उपद्रव होने के उपरांत धारा 144 लागू करने के आदेश जारी किए गए हैं। आधिकारिक जानकारी के अनुसार कलेक्टर गोपाल चन्द्र डाड ने कल गोगावा कस्बे में धारा 144 लागू करने के प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर दिए हैं। जारी आदेश के अनुसार कस्बे में 7 अगस्त से 31 अगस्त तक यह धारा प्रभाव शील रहेगी। निमाड़ क्षेत्र के पुलिस उप महा निरीक्षक तिलक सिंह ने बताया कि गोगावा में कल दोपहर फेसबुक पर पोस्ट करने की बात को लेकर एक समुदाय द्वारा भीड़ एकत्रित कर थाना परिसर में बड़ी संख्या में उपस्थित होने के बाद अपराध पंजीबद्ध करने की मांग की गई थी। इसके उपरांत लौटने के दौरान भीड़ में शामिल शरारती तत्वों द्वारा कुछ जगह पत्थरबाजी और तोड़फोड़ की गई जिससे तनाव की स्थिति निर्मित हुई। उन्होंने बताया कि पुलिस ने गोगावा में तोड़फोड़ उपद्रव करने के मामले में 50 से अधिक लोगों के खिलाफदो प्रकरण दर्ज किये है।

### इंदौर जिले में कोरोना के 184 नये मामलों के बाद 2162 एक्टिव केस

**इंदौर।** मध्यप्रदेश के इंदौर जिले में कोविड 19 के 184 नये मामले आने के बाद कोरोना वायरस से यहाँ संक्रमित रोगियों की संख्या 8343 तक जा पहुंची है। उधर राहत की खबर है कि अब तक 5851 रोगियों के डिस्चार्ज किये जाने के बाद उपचाररत रोगियों की संख्या 2162 है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) ने कल रात स्वास्थ्य बुलेटिन जारी कर बताया कि अब तक कुल एक लाख इक्कयावन हजार सात सौ पंचावनवे (151795) जांच रिपोर्ट प्राप्त हुयी हैं, इनमें कल जांचे गये 2261 सैम्पल भी शामिल हैं। कुल जांचे सैम्पलों में से अब तक कुल 8343 संक्रमित पाये गये हैं। जबकि कल दो की मौत दर्ज किये जाने के बाद मृतकों की संख्या 330 तक जा पहुंची है। उधर राहत की खबर है कि कल 80 संक्रमित रोगियों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किये जाने के बाद एक्टिव केस (उपचाररत रोगियों) की संख्या 2162 जा पहुंची है।

### रांची एयरपोर्ट पर टला बड़ा हादसा, बाल-बाल बचे यात्री

**रांची।** केरल में एयर इंडिया विमान हादसे के एक दिन बाद रांची एयरपोर्ट पर बड़ा विमान हादसा टल गया। दरअसल एयरपोर्ट पर 180 सीट वाली एयर एशिया की फ्लाइट क्लियरेंस के बाद रनवे पर आगे बढ़ रही थी तभी टेक-ऑफ करने के कुछ देर बाद ही विमान के इंजन से एक पक्षी टकरा गया। इसके बाद पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर विमान को रोक लिया। इस दौरान तेज आवाज के साथ विमान के इंजन में चिंगारी निकलने लगी। फिलहाल, तकनीकी टीम चिंगारी निकलने के कारणों की पड़ताल कर रही है। हालांकि इस हादसे में किसी को चोट नहीं आई है और सभी यात्री सुरक्षित हैं। आपको बतां दे कि दुबई-कालीकट एअर इंडिया एक्सप्रेस उड़ान के शुक्रवार शाम हवाईपट्टी से फिसल कर एक गहरी घाटी में गिरने और उसके दो हिस्सों में टूटने की घटना में एक पायलट समेत कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई। मलाप्पुरम के जिलाधिकारी के गोपालकृष्णन ने संवाददाताओं से बातचीत में 17 लोगों की मौत की पुष्टि की और कहा कि 110 लोगों को कोझिकोड के अस्पतालों में और 80 लोगों को मलाप्पुरम के अस्पतालों में लाया गया है।

### जम्मू एवं कश्मीर में पाक की गोलीबारी में व्यक्ति की मौत

**जम्मू।** जम्मू एवं कश्मीर के पुंछ जिले में शुक्रवार को नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर पाकिस्तान की गोलाबारी में घायल एक 65 वर्षीय व्यक्ति ने रात को दम तोड़ दिया। इसके साथ ही गोलीबारी में मरने वाले नागरिकों की संख्या दो हो गई। यह जानकारी अधिकारियों ने शनिवार को दी। अधिकारियों ने कहा कि पुंछ जिले के ताइन मनकोट के 65 वर्षीय मोहम्मद सादिक ने पाकिस्तान की गोलाबारी में गंभीर रूप से घायल होने के कारण दम तोड़ दिया। नियंत्रण रेखा पर शुक्रवार को पाक की गोलीबारी में दो नागरिक मारे गए और छह घायल हुए हैं। वहीं कुपवाड़ा जिले में शुक्रवार को नियंत्रण रेखा के तंगधार क्षेत्र में पाकिस्तान ने सुरक्षाकर्मी और नागरिकों को निशाना बनाते हुए गोलीबारी की, जिसमें एक नागरिक की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। पाकिस्तान ने शुक्रवार को नियंत्रण रेखा पर कई बार संघर्ष विराम का उल्लंघन करते हुए गोलीबारी को अंजाम दिया। पाकिस्तान ने शुक्रवार तड़के मेंधर और बालाकोट क्षेत्रों में गोलीबारी शुरू कर दी।

### तीन बेटियों के साथ पिता ने कुंए में लगाई छलांग, तीनों की मौत

**भिंड।** मध्य प्रदेश के भिंड जिले में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। यहां एक पिता ने अपनी तीन मासूम बेटियों के साथ कूंए में कूदकर आत्महत्या कर ली। शनिवार सुबह ग्रामीणों ने तीनों का शव कुंए में देखा तो मामले का खुलासा हुआ। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कूंए से बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने मामला दर्ज का जांच शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार मामला जिले के दबोह थाना इलाके के ग्राम अंधियारी का है। राजेश रजक(42) अपनी पत्नी सुमन और तीन बेटियों अनुष्का(10), चाइना(8) और संध्या के साथ यहां रहता था। राजेश मुंबई में मजदूरी करता था लेकिन लॉकडाउन के बाद वह अपने घर वापस आ गया था और यही परिवार के साथ रहता था। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले कुछ दिनों से राजेश और उसकी पत्नी सुमन के बीच मनमुटाव चल रहा था।



श्रीनगर : कश्मीर घाटी में श्रीनगर में हजरतबल दरगाह बंद गेट के पास कबूतर दाने चुगते हुए।

## विकास त्रिवेदी राष्ट्रीय सनातन सेवा संघ के प्रदेशाध्यक्ष बने

**कोलकाता/नई दिल्ली।** विकास त्रिवेदी ने राष्ट्रीय सनातन सेवा संघ का प्रदेश अध्यक्ष मुख्य प्रकोष्ठ पश्चिम बंगाल का दायित्व संभालते हुए गौ रक्षा एवं हिन्दू बोर्ड गठन करने का संकल्प लिया। राष्ट्रीय सनातन सेवा संघ के सह संस्थापक एवं राष्ट्रीय महासचिव माननीय अवधेश साहू ने पश्चिम बंगाल के हिंदूवादी नेता विकास त्रिवेदी को राष्ट्रीय सनातन सेवा संघ की मुख्य इकाई का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया है। विकास त्रिवेदी ने प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व संभालते हुए राष्ट्रीय सनातन सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अशोक सिंह पटेरिया एवं राष्ट्रीय संगठन महासचिव अवधेश साहू का आभार प्रकट किया है। विकास त्रिवेदी ने कहा कि सभी सनातनियों एवं हिंदुत्ववादियों को एक होना होगा। भारत में हिन्दू बोर्ड का गठन होना बहुत जरूरी है। विकास त्रिवेदी युवा पीढ़ी को हिंदुत्व से जोड़ने, वीर सावरकर के राजनीति का हिंदूकरण हिन्दुओं का सैनिकीकरण राष्ट्रीय सनातन सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अशोक सिंह पटेरिया के जाति-पात की करो विदाई हिन्दू-हिन्दू भाई भाई राष्ट्रीय संगठन महासचिव अवधेश साहू के



हिन्द की आजादी अधूरी है हिन्दू राष्ट्र जरूरी है और राष्ट्रीय सनातन सेवा संघ की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। राष्ट्रीय सनातन सेवा संघ के सभी अन्य पदाधिकारियों ने विकास त्रिवेदी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## जम्मू की सड़कों पर दिखा असर, फिर वीरान नजर आए बाजार

**जम्मू/एजेंसी।** जम्मू जिला प्रशासन के आदेशानुसार शुक्रवार शाम से शुरू हुए तीसरे वीकेंड लॉकडाउन का शनिवार को शहर की सड़कों पर असर दिखा। जम्मू जिले के तमाम हिस्सों में गैर जरूरी सामान की दुकानें और यातायात सेवाएं बंद रही। सोमवार सुबह छह बजे तक जारी रहने वाले इस लॉकडाउन में केवल दवाई, दूध-दही व फल-सब्जी की दुकानों को ही खोलने की अनुमति रही। लॉकडाउन में सभी यातायात सेवाएं भी बंद रही और लोगों को केवल इमरजेंसी में ही बाहर निकलने की अनुमति दी गई। इस वीकेंड लॉकडाउन को लेकर जम्मू जिला प्रशासन ने 19 जुलाई को आदेश जारी किया था और 60 घंटे का यह तीसरा वीकेंड लॉकडाउन है जो सोमवार सुबह छह बजे तक जारी रहेगा। पूर्व में जारी आदेशानुसार प्रशासन की ओर से शुक्रवार शाम को ही लॉकडाउन लागू कर दिया गया था। लॉकडाउन को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए पुलिस की ओर से तमाम प्रबंध किए गए थे। हालांकि इस दौरान पुलिस को शहर के किसी इलाके में भी सख्ती करने की जरूरत नहीं पड़ी और लोग स्वयं ही लॉकडाउन का पालन करते दिखे।



पुलिस ने हालांकि जिले के मुख्य बाजारों, चौराहों पर तारबंदी कर रखी थी और सड़कों पर निकले लोगों से पूछताछ की गई। इस लॉकडाउन में हालांकि फल-सब्जी की दुकानें खोलने की अनुमति थी लेकिन नरवाल स्थित थोक फल व सब्जी मंडी एसोसिएशन ने अपनी इच्छा से आज भी मंडियां बंद रखी।

## व्यवहारिकता से दूर विपक्ष कर रहा बेवजह राजनीति, शांता के सुझाव पर कही यह बात : जयराम ठाकुर

**धर्मशाला/एजेंसी।** कोरोना महामारी का यह समय हर किसी के लिए संकट से कम नहीं है। लेकिन व्यवहारिकता से दूर विपक्ष इस समय भी बेवजह की राजनीति पर उतारू है। जरूरत इस बात की है कि वह लोग भी इस समय की परिस्थितियों को समझे। मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर धर्मशाला में आयोजित एक पत्रकार सम्मेलन में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा भले ही गुजरे कुछ समय में हालात खराब भी हुए और प्रदेश की आर्थिक व्यवस्था पर भी इसका प्रभाव पड़ा। लेकिन केंद्र सरकार की मदद से सरकार ने हालातों पर काबू पाया और आर्थिक के सुधार को लेकर कई कदम भी उठाए। उन्होंने कहा कि कुल



मिलाकर देखा जाए तो प्रदेश में निजी क्षेत्र में कार्यरत हर व्यक्ति को नुकसान हुआ है। लेकिन बावजूद इसके व्यवस्था को सुधारा गया और सबसे बड़ी बात यह भी रही कि सरकारी क्षेत्र में किसी के वेतन में कटौती नहीं की गई और यहां तक कि पेंशनधारकों को भी उनकी पेंशन दी गई। फिर भी विपक्ष शोर शराबा मचा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कुल मिलाकर 30 हजार करोड़ रुपये का नुकसान भी सरकार को हुआ है। बावजूद इसके सरकार के कदम विकास की ओर अग्रसर हैं। उन्होंने कहा जो पैसा अभी तक विभिन्न विभागों के तहत खर्च नहीं हो पाया है अब उस 12 हजार करोड़ रुपए की राशि को विकास कार्यों में खर्च किए जाने को लेकर दिशा निर्देश भी दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कुल मिलाकर 30 हजार करोड़ रुपये का नुकसान भी सरकार को हुआ है। धर्मशाला को दूसरी राजधानी के दर्जे के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा राजनीतिक रूप से जिला कांगड़ा प्रदेश का सबसे बड़ा जिला है। राजनीति ही नहीं बल्कि पर्यटन की दृष्टि से भी जिला मुखयालय धर्मशाला की अपनी एक अलग अहमियत है। जिसे नकारा नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा सरकार की रिवायत के अनुसार इस बार यहां का शीतकालीन प्रवास पूरा नहीं हो पाया था, इसलिए अब सरकार मानसून प्रवास पर जिला में है।

## लक्ष्य तय करने के बाद निगरानी आवश्यक है : शिवराज चौहान

**भोपाल/एजेंसी।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कहा कि किसी भी योजना के बेहतर ढंग से क्रियान्वयन के लिए लक्ष्य तय करने के बाद उसकी बेहतर तरीके से निगरानी भी आवश्यक है और इसके बाद ही तय परिणाम हासिल किए जा सकते हैं। चौहान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्य के परिप्रेक्ष्य में 'आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश' बनाने के प्रयासों के सिलसिले में आयोजित वेबिनार में यह बात कही। वेबिनार के जरिए विशेषज्ञों की ओर से आने वाले सुझावों की मदद से 'आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश' बनाने का रोडमेप तैयार किया जा रहा है। इसी क्रम में कल पहला वेबिनार आयोजित किया गया, जिसका मूल विषय 'आधारभूत संरचनाएं' था। आज दूसरे वेबिनार का विषय 'सुशासन' है। चौहान ने दूसरे दिन वेबिनार का उदघाटन करते हुए कहा कि योजनाएं बनायी जाती हैं और उनका क्रियान्वयन भी किया जाता है। लेकिन यदि उनकी



का निगरानी तंत्र नहीं हो, तो अपेक्षित परिणाम नहीं मिल पाते हैं। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इसलिए क्रियान्वयन की निगरानी आवश्यक है और तभी हम अपने निर्धारित लक्ष्य हासिल कर पाएंगे। चौहान ने कहा कि वे पहले योजनाओं के क्रियान्वयन का जायजा लेने स्वयं निकलते थे, लेकिन भौतिक रूप से प्रत्येक जगह जाना संभव नहीं हो पाता था। इसलिए उन्होंने एक तंत्र विकसित कर दिया, जिसमें आम व्यक्ति अपना फीडबैक देने या शिकायत दर्ज कराने का कार्य करते हैं। इसके साथ ही शिकायत दर्ज कराने के लिए लोक सेवा विभाग के जरिए निजी लोगों की सेवाएं ली जाने लगीं, ताकि शिकायत दर्ज करने में कोई गड़बड़ी नहीं कर सके। और शिकायत के निराकरण के निगरानी की भी व्यवस्था की गयी। चौहान ने कल के वेबिनार के नतीजे उत्साहजनक बताते हुए कहा कि उनकी सरकार मध्यप्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में सुशासन के जरिए भी कार्य किया जाएगा।

## कनिष्ठ सहायक के तबादले पर लगाई गई रोक

**झुंझुनू।** राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण जयपुर ने कार्य व्यवस्था के नाम पर कनिष्ठ सहायक के तबादले पर रोक लगाते हुए पंचायती राज विभाग के शासन सचिव, जिला परिषद झुंझुनू के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं पंचायत समिति सूरजगढ़ के विकास अधिकारी से जवाब मांगा है। कार्मिक शेखरचंद लांबा के अधिवक्ता संदीप कलवानिया ने बताया कि प्रार्थी सूरजगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत स्वामी सही में कनिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत है। सूरजगढ़ पंचायत समिति के विकास अधिकारी ने 11 जून को एक आदेश जारी कर कार्य व्यवस्था के नाम पर उसका दूसरी जगह स्थानांतरण कर दिया जो अनुचित है।

## बढ़ते संक्रमण के कारण चिड़ावा में लगा कर्फ्यू

**झुंझुनू/एजेंसी।** राजस्थान में झुंझुनू जिले की चिड़ावा नगर पालिका क्षेत्र में तीन दिनों के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया है। जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट उमरदीन खान ने बताया कि झुंझुनू जिले के चिड़ावा कस्बे में लगातार सुपर स्प्रेडर श्रेणी के कोरोना पॉजिटिव संक्रमित पाए जाने से आसपास के नागरिकों में कोरोना संक्रमण की संभावना के मद्देनजर मानव जीवन को खतरा उत्पन्न होने से रोकने के लिए चिड़ावा नगर पालिका क्षेत्र में आगामी 10 अगस्त की मध्य रात्रि तक कर्फ्यू लगाया जाता है। इस दौरान कस्बे में सभी दुकाने, व्यवसायिक संस्थान, वाणिज्यिक गतिविधियां, शादी समारोह, रैली, जुलूस, सभा प्रतिबंधित रहेगी। चिड़ावा के रेलवे स्टेशन क्षेत्र का एक 27 साल का युवक, वार्ड नंबर 9 निवासी 18 साल का युवक, वार्ड नंबर 17 का एक 40 साल का व्यक्ति, वार्ड नंबर 24 का एक 32 साल का युवक, मंड्रेला का एक 45 साल का व्यक्ति, नरहड़ गांव का एक 29 साल का युवक, अरडावता गांव का एक 37 साल का व्यक्ति, पिचानवा गांव का एक 26 साल का युवक व एक 45 साल की महिला कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। ये सभी के सभी लोग सुपर स्प्रेडर श्रेणी के है। इसके अलावा नवलगढ़ में ढाका की ढाणी निवासी 43 साल का व्यक्ति, वार्ड नंबर 26 विसायतियों का मोहल्ला निवासी 36 साल का युवक तथा बुहाना ब्लाक के रसूलपुर गांव निवासी 31 साल की महिला भी कोरोना पॉजिटिव मिली है।

## मध्य प्रदेश में कोरोना के चार जिलों में 373 नए मरीज, 5 की मौत

-राज्य में कोरोना संक्रमितों की संख्या 37,671 हुई : तोमर

**भोपाल/एजेंसी।** मध्य प्रदेश के चार जिलों में कोरोना के 373 नये मामले सामने आए हैं और शनिवार को कोरोना से पांच लोगों की मौत होने की पुष्टि हुई है। इसके बाद राज्य में कोरोना मरीजों की कुल संख्या 37 हजार 671 हो गई है, जबकि प्रदेश में 967 लोगों की अब तक मौत हो चुकी है। वहीं 27,621 लोग कोरोना को मात देकर अस्पताल से घर लौट आए हैं। अब यहां सक्रिय मरीजों की संख्या 8715 है। इंदौर जिले की मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पूर्णिमा गाडरिया ने शनिवार को बताया कि एमजीएमजी मेडिकल कॉलेज द्वारा शुक्रवार देर रात जारी 2261 सेम्पलों की जांच रिपोर्ट में 184 नये संक्रमित मिले हैं, जबकि दो लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। इसके बाद जिले में संक्रमितों की संख्या 8343 और



मृतकों की संख्या 330 हो गई है। वहीं भोपाल सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी के अनुसार, राजधानी में शनिवार सुबह प्राप्त रिपोर्ट में 152 लोग पॉजिटिव पाए गए हैं। तीन लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। इसके अलावा उज्जैन में 14 और सतना में कोरोना के 23 नये मामले सामने आए हैं। इन 373 मामलों के साथ अब राज्य में संक्रमित मरीजों की कुल संख्या 37,671 हो गई है। इनमें सबसे अधिक इंदौर में 8343, भोपाल 7353, ग्वालियर, 2774, मुरैना 1718, जबलपुर 1704, उज्जैन 1283, खरगौन 900, नीमच 810, सागर 751, बड़वानी 854, खंडवा 690, बुरहानपुर 493, भिण्ड 496, देवास 460, रतलाम 504, मंदसौर 475, धार 483, छतरपुर 382, रायसेन 399, रीवा 420, टीकमगढ़ 326, राजगढ़ 395, विदिशा 368, शाजापुर 307, शिवपुरी 358, सीहोर 332, श्योपुर 257, बैतूल 286, दतिया 241, होशंगाबाद 289, हरदा 222, दमोह 275, सतना 247, छिंदवाड़ा 207, अलीराजपुर 186, नरसिंहपुर 216, कटनी 190, झाबुआ 194, बालाघाट 156, इंदौर-भोपाल में हुई पांच मौत के बाद राज्य में कोरोना से मरने वालों की संख्या 967 हो गई है। मृतकों में सबसे अधिक इंदौर के 330, भोपाल 210, उज्जैन 75, बुरहानपुर 25, खंडवा 19, जबलपुर 33, खरगौन 18, ग्वालियर 15, धार 10, मंदसौर 11, नीमच 09, सागर 35, देवास 10, रायसेन 09, होशंगाबाद 09, सतना 10, आगरमालवा 04, झाबुआ 04, अशोकनगर 03, शाजापुर 05, दतिया 04, छिंदवाड़ा 02, सीहोर 12, उमरिया 02, रतलाम 13, बड़वानी 09. मुरैना 09, राजगढ़ 10, श्योपुर 02, टीमकगढ़ 09, रीवा 08, गुना 04, हरदा 06, कटनी 05, सीधी 01, शिवपुरी 03, अलीराजपुर 01, भिंड 01, बैतूल 03, नरसिंहपुर 01, सिवनी 01, सिंगरौली 02, छतरपुर 08, विदिशा 03, दमोह 04 और मंडला का एक व्यक्ति शामिल है।

## दिल्ली : कोरोना काल में ही सौ से ज्यादा लोग डूबकर मर चुके हैं यमुना में

**नई दिल्ली.एजेंसी।** आपको जानकर हैरानी होगी राजधानी दिल्ली में कोरोना काल के दौरान ही यमुना नदी में सौ से ज्यादा लोग डूबकर मर चुके है। सवाल उठता है इनमे वो दिन भी शामिल हैं जब दिल्ली में पूरी तरह से लोकडाउन था। लोग कैसे तो यमुना तक पहुंचे, और कैसा लोकडाउन था दिल्ली में। मिली जानकारी के मुताबिक अगर आंकड़ो कि बात करे तो कोरोना काल से अभी तक यमुना मे मार्च माह मे 12 हादसे हुए, जबकि अप्रैल मे 13 हादसे हुए। मई माह मे 14 हादसे, जबकि जून मे सबसे ज्यादा 37 और जुलाई मे 28 हादसे हुए।

इसके अलावा 7 अगस्त तक 8 हादसो मे लोग अपनी जान गवा चुके है। ऐसे हादसो से काफी पीड़ा होती हे कि लोग अपनी जान के साथ खिलवाड़ करते ही क्यों है? बार बार प्रशासनिक मनाही के बावजूद लोग यमुना मे नहाने आते है लापरवाही ही ऐसे हादसो का सबब बनती है। मानवता की रक्षा करने को ही अपना धर्म समझना और पूरा जीवन मानवीय रक्षा एवम सुरक्षा के लिये समर्पित करने वाली नौकरियां तो काफी होंगी किन्तु जिन्दगी और मौत के बीच झूलते लोगो को बचाने के लिए खुद पानी मे गोता लगाने वाले जंबाजों के साथ बोट क्लब हमेशा त्वरित कार्यवाही कर जान बचाने के लिए जाना जाता है। दिल्ली मे यमुना नदी के अलावा सीवर, नाले, नहर मे डूबने से होने वाले हादसो में अपने जीवन को संकट मे डालकर लोगो को सकुशल पानी से निकालने का कार्य करने वाले गोतखोरो की टीम में शामिल 20 युवा सभी अच्छे तैराक व गोतखोर है। जो पानी की गहराई देखकर यह बताने मे सक्षम है कि आखिर पानी की गहराई कितनी होगी और इसी आधर पर रेस्क्यु अभियान निडर होकर करने मे जुट जाते हैं। बोट क्लब इंचार्ज हरीश ने बोट क्लब की कार्य प्रणाली के बारे में बताया कि हादसे की कॉल मिलने के तुरंत बाद रेस्क्यू मे जुट जाते हैं। वजीराबाद से लेकर आई टी ओ बैराज तक यमुना में बोट के जरिये सडक मार्ग की अपेक्षा जल्दी घटना स्थल पर गोताखोरो व लाइफ सेविंग आईटम के साथ पहुचते है। इस इलाके के अलावा अन्य जगह सडक मार्ग से बोटो को टो करके ले जाया जाता है।

opensearch

# वरिष्ठ आईइएएस अधिकारी ने नजीर पेश की

**नई दिल्ली (ओपन सर्च)।** पंचायती राज मंत्रालय में संयुक्त सचिव पद पर कार्यरत वरिष्ठ आईइएएस अधिकारी डा0 संजीब पटट जोशी ने एक दिव्यांग की जिम्मेदारी वहन करते हुए इंसानियत की नजीर पेश की है। डा0 संजीब पटट



जोशी ने उसको सहायता के रूप में ऐलिमको द्वारा दिव्यांगों के सहायतार्थ बनाई हुई बैटरी चालित तीन पहिये की मोटर साईकिल रिक्शा प्रदान करने के अलावा उसके एक बेटे और दो बेटियों सहित तीन बच्चों को दिल्ली के रेजिडेंसियल स्कूल में दाखिला दिलाते हुए दिव्यांग को करोना काल में राशन और खाने की जिम्मेदारी वहन की है। बैटरी चालित रिक्शा की कीमत पच्चास हजार रूपये है। डा0 पटजोशी ने बताया कि दिव्यांग दिल्ली की गलियों में भीख मांगता फिर रहा था। उसको कार्य में पुर्नस्थापना हेतू डा0 पटजोशी ने उसे आर्थिक सहायता करते हुए एक दुकान भी खुलवाई है, जिससे कि वह अपना गुजर-बसर कर सके। दिव्यांग व्यक्ति उत्तर प्रदेश का रहने वाला है।

# नन्हें अंगद ने बनाए दो वर्ल्ड रिकॉर्ड्स

**नई दिल्ली (ओपन सर्च)**

बाल पर्वतारोही अंगद भारद्वाज ने 10 वर्ष की उम्र में दो अदभुत विश्व कीर्तिमान बनाकर लोगों को दांतों तले अंगुली दबाने को मजबूर कर दिया है। नन्हे वीर के चर्चे सबकी जुबान पर छाए हुए है। अंगद ने पहला रिकॉर्ड सबसे छोटी उम्र में भारतीय सेना प्रमुख के हाथों सम्मानित होने तथा दूसरा रिकॉर्ड भारतीय वायु सेना से प्रशिक्षित होने के खिताब हासिल किया है। सम्मान पत्र प्राप्त करते समय नवोदित अंगद भारद्वाज खुशी से झूम उठा। उसने कहा कि में पर्वतारोहण के विभिन्न क्षेत्रोंमें कार्य करके देश के मान- सम्मान को बढ़ाना चाहूंगा। नन्हें पर्वतारोही ने कार्यक्रम के जजों को भी धन्यवाद दिया। पौत्र अंगद भारद्वाज द्वारा विश्व कीर्तिमान बनाए जाने पर उनके दादा कैप्टन रामकिशोर (सेवानिवृत) ने हर्ष जताते हुए कहा,अंगद भारद्वाज द्वारा विश्व पटल पर नाम रौशन करने पर बधाई देता हूं। मेरी भगवान से प्रार्थना है कि वह सदा





इसी प्रकार से देश के सम्मान और उन्नति में अपना योगदान देता रहे। अंगद को मेरी ओर से बहुत-बहुत शुभकामनाएँ। अंगद भारद्वाज को मिले सम्मान पर उनके पिता और सिक्स सिग्मा हाई ऐल्टिटूड मेडिकल सर्विस के निदेशक डॉ0 प्रदीप भारद्वाज ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा, बच्चे ऊर्जा का भण्डार होते हैं। उनको सही दिशा में लगाना माता-पिता का फ़र्ज़ होता है, जब स्कूल से गर्मी व सर्दी की छुट्टियाँ होती तो हम अंगद को ऊँच पहाड़ी इलाक़ों में सेवा हेतु ले जाते थे। इस प्रकार अंगद भी रुचि लेने लग गया, यदि बच्चों को सही दिशा-निर्देश मिले, तो दुनिया का कठिन से कठिन कार्य कार्य करने से भी पीछे नहीं हटते हैं। उनके द्वारा किए गए कार्य दूसरों बच्चों के लिए प्रेरणा श्रोत बन जाते हैं। देश को आगे ले जाने और साहसिक कार्यों के लिए अंगद को मेरा पूर्ण समर्थन रहेगा। नन्हा पर्वतारोही अंगद, 10 वर्ष देश के बच्चों के लिए शानदार उदाहरण है। बाल पर्वतारोही अंगद को खतरों से खेलने का शौक पिता डॉ0 प्रदीप भारद्वाज से विरासत में मिला है। उन्हीं के पद चिह्नों पर चलते हुए उसने पहाड़ों में अत्यंत जाखिम भरे क्षेत्रों- अमरनाथ (14000 फीट), और केदारनाथ ( 12000 फीट), में निस्वार्थ सामाजिक सेवा प्रदान कर राष्ट्र का गौरव बढ़ाया है बाल वीर अंगद अदम्य साहस, बहादुरी, निडरता और देश भक्ति जैसे गुण कूट-कूट कर भरे हुए है। नन्हा वीर (ट्रेन हार्ड एंड फाइट इजी) सिद्धांत में विश्वास रखता है, उसने सिक्स सिग्मा पर्वतारोहण दल के साथ भारतीय वायु सेना के गरुड़ कमांडो और आईटीबीपी (औली में रैपलिंग), फिसलना, पर्वतारोहण और शून्य से कम तापमान में कार्य करने का प्रशिक्षण प्राप्त किया है जो दूसरे बच्चों को पर्वतारोहण की ओर ले जाने की प्रेरणा देगा।

# सबसे बड़ा वर्चुअल एजुकेशन फेयर

## विद्यार्थियों की मदद के लिए आईडीपी एजुकेशन का विशेष आयोजन

**आस्ट्रेलिया, इंगलैंड, अमेरिका, कनाडा, न्यूज़ीलैंड और आयरलैंड के 150 से अधिक चोटी के संस्थान भाग लेंगे**

**- 10 अगस्त 2020 से 8 सप्ताह का शिक्षा मेला 10 अक्तूबर 2020 तक चलेगा**

**नई दिल्ली (ओपन सर्च)**

विदेश में पढ़ने से ज़िंदगी बदल जाती है। यह केवल विद्यार्थियों की नहीं उनके परिवार की बात है। लेकिन कोविड 19 की रुकावटों की वजह से विद्यार्थियों के लिए सही निर्णय लेना कठिन हो गया है। इस संबंध में विद्यार्थियों और और उनके माता-पिता की तमाम चुनौतियों को दूर करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा जगत के प्रमुख संगठन आईडीपी एजुकेशन सबसे बड़े वर्चुअल एजुकेशन फेयर का आयोजन करने वाला है। 8 सप्ताह का यह शिक्षा मेला 10 अगस्त 2020 से शुरू और 10 अक्तूबर 2020 को सम्पन्न होगा। भारतीय विद्यार्थियों से बात-विचार और प्लानिंग में उनकी मदद करने के लिए इस वर्चअुल एजुकेशन फेयर में आस्ट्रेलिया, इंगलैंड, अमेरिका, कनाडा, न्यूज़ीलैंड और आयरलैंड के 150 से अधिक चोटी के संस्थान भाग लेंगे। आईडीपी एजुकेशन के इस अभूतपूर्व वर्चुअल एजुकेशन फेयर का मकसद विद्यार्थियों की चिंता दूर करना और उन्हें घर बैठे मनपसंद संस्थान से आमने-सामने वीडियो से बात-विचार करने का अवसर देना है। पीयूष कुमार, क्षेत्रीय निदेशक (दक्षिण एशिया), आईडीपी एजुकेशन ने बताया, ''आईडीपी भारतीय विद्यार्थियों को आस्ट्रेलिया, इंगलैंड, अमेरिका, कनाडा, न्यूज़ीलैंड और आयरलैंड में उनके लिए सबसे उपयुक्त संस्थान और कोर्स चुनने की सटीक सलाह और सहायता देता है ताकि वे कैरियर के सपने पूरे करें। इन छह देशों के 700 से अधिक विश्व स्तरीय संस्थान आईडीपी के भागीदार हैं और आईडीपी विद्यार्थियों को उनके लिए सबसे सही कोर्स चुनने में सबसे अधिक सक्षम नाम है। आईडीपी यह समझता है कि विदेश में पढ़ना कितना महंगा पड़ता है इसलिए विद्यार्थियों के लिए पहली बार ही सटीक निर्णय लेना बहुत महत्वपूर्ण है। इसके मद्देनजर आईडीपी का मकसद विद्यार्थियों और उनके माता-पिता को संपूर्ण सूचना देने वाला प्लैटफॉर्म देना है ताकि जरूरी जानकारियों का आदान-प्रदान आसान हो और विद्यार्थियों को इस उद्योग के विशेषज्ञों का सही मार्गदर्शन मिले।'' ''हम समझते हैं विद्यार्थियों के लिए किसी एक संस्थान का चयन करना और आवेदन की प्रक्रिया पूरी करना कितना कठिन होता है। इसलिए हम उन्हें संस्थान की तलाश से लेकर, आवेदन जमा करने और फिर कैम्पस में सुरक्षिरत पहुंचने तक हर कदम उनकी मदद और मार्गदर्शन देना चाहते हैं,'' श्री कुमार ने बताया। इस वर्चुअल फेयर के माध्यम से विद्यार्थी अपनी पसंद के संस्थानों में सीधे आवेदन कर सकते हैं और आईडीपी के अनुभवी और सर्टिफाइड शिक्षा विशेषज्ञ से स्कॉलरशिप, वीज़ा, आदि सभी जानकारियाँ विस्तार से प्राप्त कर सकते हे। यह '1-ऑन-1' वीडियो कॉल के माध्यम से मुमकिन होगा। इस तरह विद्यार्थी किसी संस्थान के प्रतिनिधि से आमने-सामने बात कर पाएंगे और उनके प्रश्नों के उत्तर भी मिल जाएंगे।

# चीनी कंपनियों के खिलाफ सड़क पर उतरे लोग

**नई दिल्ली.एजेंसी।**

हिंदी चीना बाय-बाय.. चीनी वस्तु बाय-बाय3 चाइना आइटम खरीदना बंद करो3 चीनी बायकॉट3 कुछ ऐसे ही स्लोगन शनिवार को रीगल चौराहे पर दिखाई दिए। भारत के खिलाफ लगातार चाइना द्वारा की जा रही साजिश से आक्रोशित स्वदेशी जागरण मंच के कार्यकर्ता सुबह विरोध स्वरूप सड़क पर उतर आए।

उन्होंने भारत छोड़ो आंदोलन के तहत चीनी कंपनियों का विरोध करते हुए चीनी सामान को बायकॉट करने की अपील लोगों से की। हाथ में स्लोगन लिखी तख्तियां लिए इन लोगों ने चीन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। विरोध प्रदर्शन में कई साधु-संत भी हुए शामिल। स्वदेशी जागरण मंच के कार्यकर्ताओं का कहना था कि हम देशभर में चाइनीज कंपनियों के खिलाफ गो बैक चाइना अभियान चला रहे हैं। उन्होंने कहा की देशवासियों को किसी भी प्रकार के चाइनीज आइटम का उपयोग नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम जो सामान खरीद रहे हैं।

उससे जो रुपए उन्हें मिल रहे हैं, वे उसका उपयोग आतंक को बढ़ावा देने, हमारे जवानों की हत्या और जमीन हथियाने में खर्च कर रहे हैं। उन्होंने अपील की कि कोई भी देशवासी चीनी सामान को ना खरीदे, घर में यदि कोई ऐसा सामान है तो उसे बाहर फेंक दो। बाजार से सिर्फ स्वदेशी माल ही लेकर आएं। उन्होंने कहा कि हमारा देश कृषि प्रधान देश है, यहां की संस्कृति को किसी भी प्रकार से चाइना नष्ट नहीं कर सकता है। हमें इन कंपनियों को इस प्रकार से आर्थिक नुकसान पहुंचाना है कि वे अपने देश वापस लौट जाएं। चाइना नेपाल, पाकिस्तान को उकसाकर हमारे देश को नुकसान पहुंचाने में लगा हुआ है।

# सिरसा ने मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह एवं केंद्रीय मंत्री हरसिमरत कौर का किया धन्यवाद

**नई दिल्ली।** मध्यप्रदेश (मप्र) के बड़वानी जिले में ज्ञानी प्रेम सिंह ग्रंथी व अन्य सिखों के ऊपर पर हुए हमले में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और दो पुलिस कर्मियों के निलंबन पर दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष मनजिंदर सिंह सिरसा ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केन्द्रीय मंत्री हरसिमरत कौर बादल का धन्यवाद किया है। शनिवार को जारी एक बयान में कमेटी के अध्यक्ष सिरसा ने कहा कि यह मामला केन्द्रीय मंत्री हरसिमरत कौर बादल ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के समक्ष उठाया था। उन्होंने बताया था कि कैसे इन दो पुलिसकर्मियों एएसआई सीताराम भटनागर व हेडकांस्टेबल मोहन जामरे द्वारा ज्ञानी प्रेम सिंह ग्रंथी एवं अन्य सिखों पर बेरहमी से हमला किया गया, जो अमानवीय व्यवहार था। उन्होंने बताया कि देश के लिए कुर्बानी देने वाले सिखों के साथ ऐसा नफ़रत भरा व्यवहार करने वाले लोगों के खिलाफ ऐसी सख्त कार्रवाई होनी चाहिए जिससे कि अन्यों के लिए सबक बन सके।

# शौरी, राम, भूषण की याचिका सूचीबद्ध किए जाने पर न्यायालय के प्रशासन ने अधिकारियों से जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय प्रशासन ने पूर्व केंद्रीय मंत्री अरूण शौरी, वरिष्ठ पत्रकार एन. राम और कार्यकर्ता एवं वकील प्रशांत भूषण की तरफ से दायर याचिका को सूचीबद्ध करने को लेकर संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा है जिसमें उन्होंने आपराधिक अवमानना से जुड़े एक कानूनी प्रावधान की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी है। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर शनिवार सुबह में लगाई गई कॉज लिस्ट के मुताबिक याचिका पर दस अगस्त को न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति के. एम. जोसफकी पीठ के समक्ष वीडियो कांफ्रेंस से सुनवाई होनी है। उच्चतम न्यायालय के सूत्रों ने बताया कि याचिका को स्थापित परंपरा के मुताबिक इस तरह के मामलों पर सुनवाई करने वाली पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाना चाहिए था। एक विश्वस्त सूत्र ने बताया, ''परंपरा और प्रक्रिया के मुताबिक इस मामले को ऐसी पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाना चाहिए था जो इस तरह के मामलों की पहले से सुनवाई कर रही हो, लेकिन इसे परंपरा और प्रक्रिया की अनदेखी कर सूचीबद्ध किया गया है। इस बारे में संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा गया है।

# नई स्टार्ट-अप नीति से हमारा लक्ष्य दिल्ली को स्टार्ट-अप के शीर्ष 5 वैश्विक स्थानों में से एक बनाना : केजरीवाल

opensearch



**नई दिल्ली (ओपन सर्च)**

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को दिल्ली की नई स्टार्टअप पॉलिसी और उसे विकसित करने को लेकर उद्योग के नेताओं और एंटरप्रिन्योर्स युवाओं के पैनल के साथ बैठक कर विचार विमर्श किया। मसौदा नीति का उद्देश्य एंटरप्रिन्योर्स की मदद करना, अर्थ व्यवस्था को दोबारा गति देना और नीति के बुनियादी ढांचे का निर्माण करना है, जो नई नौकरियां पैदा करेगा और वर्तमान आर्थिक प्रणाली में नई प्रतिस्पर्धी गतिशीलता लाएगा। स्टार्टअप नीति परामर्श दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। सबसे पहले, दिल्ली मॉडल की टीमवर्क की भावना को बढ़ावा देने के लिए दिल्ली सरकार ने आज नई स्टार्टअप नीति का मसौदा तैयार करने में इनपुट प्रदान करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों के उद्योग के सफल, एंटरप्रिन्योर्स और पॉलिसी विशेषज्ञों को आमंत्रित किया। प्रमुख व्यापारिक नेताओं और एंटरप्रिन्योर्स ने इसमें दिलचस्पी दिखाई और इस पहल में दिल्ली सरकार के साथ कदम मिला कर चलने का भरोसा दिया। आज की बैठक में शामिल होने वाले उद्योग के नेताओं में अजय चौधरी (सह-संस्थापक, एचसीएल), राजन आनंदन (एमडी सेकोइया कैपिटल), पद्मजा रूपारेल (सह-संस्थापक, इंडियन एंजल नेटवर्क) और युवा नेता श्रीहर्षा मजेटी (सह-संस्थापक सीईओ, स्विगी), फरीद अहसन (सह-संस्थापक, शेयरचैट), सुचिता सलवान (संस्थापक और सीईओ, लिटिल ब्लैक बुक), तरुण भल्ला (संस्थापक, अविस्कर), रियाज अमलानी, सीईओ और एमडी, इम्प्रेशैरियो हस्तनिर्मित रेस्तरां आदि नेता शामिल हुए।

# नृत्य कला एक सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह करती है : आदेश गुप्ता

**नई दिल्ली (ओपन सर्च)**



रोहित । कोरोना संकट में आर्थिक स्थिति से परेशान स्वतंत्र कलाकारों को बढ़ावा देने हेतु आज नाट्यवाल सेंटर में आयोजित नृत्य एवं कला समारोह में दिल्ली भाजपा अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता शामिल हुए। इस अवसर पर कथक डांसर एवं आयोजक श्रीमती रेखा मेहरा, श्रीमती राधिका हून, श्री मिलिंद श्रीवास्तव नृत्य कला से जुड़े कलाकार उपस्थित थे। श्री आदेश गुप्ता ने कहा कि कोरोना वैश्विक महामारी के संकट के दौर में नाट्यावाल सेंटर ने वर्चुअल रूप से कलाकारों को बढ़ावा देने के लिए जो कदम उठाया है उसकी मदद से इन कलाकारों को नई उम्मीद प्राप्त होगी। दर्शक इनकी कला का प्रदर्शन दुनिया के किसी भी कोने से देख सकेंगे। नृत्य कला एक सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह करती है और इस संकट के समय में लोगों में सकारात्मकता बनी रहे इसके लिए जरूरी है कि वह नृत्य एवं कला कार्यक्रमों से जुड़े रहें। उन्होंने कहा कि मनुष्य की प्रवृत्ति है शुक्र शांति की तलाश जिसमें नृत्य कला की महत्वपूर्ण भूमिका है। नृत्य खुशी, शांति, संस्कृति और सभ्यता को जाहिर करने की एक प्रदर्शन-कला है। खुद नाचकर या नृत्य देखकर हमारा मन-मस्तिष्क भी थिरक उठता है और हमारी आत्मा तक उस पर ताल देती है। पारंपरिक शास्त्रीय कला व्यक्तित्व विकास में मदद करता है।

# सरकार को घेरने के लिए 'रोजगार दो' अभियान शुरू करेगी युवा कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की युवा इकाई बेरोजगारी की समस्या को लेकर केंद्र सरकार पर दबाव बनाने के मकसद के साथ रविवार से 'रोजगार' अभियान शुरू करेगी। भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने एक बयान में दावा किया, ''भारत में आज करोड़ों युवा बेरोजगार हैं। लोग बेरोजगारी के कारण आत्महत्या कर रहे हैं। केंद्र सरकार हर साल 2 करोड़ लोगों को नौकरी देने का वादा करके सत्ता में आई थी। इस हिसाब से 6 सालों में 12 करोड़ लोगों को रोजगार मिलना चाहिए था। लेकिन पिछले कुछ महीनों में ही 12 करोड़ लोगों की नौकरी चली गई।'' उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार रेलवे का निजीकरण और सरकारी कंपनियों को बेचकर युवाओं के रोजगार के अवसर लगातार छीन रही है।

# एसवीएसयू में आधुनिक वेबसाइटों के विकास पर कार्यशाला का आयोजन

**नई दिल्ली (ओपन सर्च)**

ऑनलाइन शॉपिंग, भुगतान, बुकिंग, ई-सोशल नेटवर्किंग जैसी हमारे दैनिक कार्यों के लिए वेबसाइटों को सर्फ करना हमारे जीवन का हिस्सा बन गया है। वर्तमान युग में, वेबसाइट किसी भी संगठन का पहला प्रतिनिधित्व है। इसलिए, वेबसाइट को डिजाइन करने, विकसित करने और होस्ट करने के तरीके को समझना एवं अपनी खुद की एक वेबसाइट बनाना दिलचस्प होगा, जो एक विशाल दर्शकों द्वारा उपभोग किया जा सकता है। नवीनतम प्रौद्योगिकी, विशेष रूप से फ्रंट-एन्ड डेवलपमेंट (जिसमें वीएस कोड, नोड्स, गिट और बिटबकेट, रेस्ट एपीआई, एंगुलर 2+,शामिल हैं) के बारे में संकायों और छात्रों को जागरूक करने के लिए, स्किल फैकल्टी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, श्री




विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने प्रोजेक्ट-आधारित दो-सप्ताह की इंटर्नशिप-कम-वर्कशॉप, ÷मॉडर्न वेबसाइटस डेवलपमेंट विथ एंगुलर 2+÷।प्रो. आर.एस. राठौड़, रजिस्ट्रार और डीन एकेडमिक्स, एसवीएसयू, गेस्ट ऑफ़ ऑनर ने भी कौशल की गुणवत्ता और महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रतिभागियों को नवीनतम तकनीकों को सीखने के लिए प्रोत्साहित किया और हमेशा नए उपकरणों और प्रौद्योगिकियों के संपर्क में रहने की सलाह दी। प्रो. योगेश चाबा, जीजेयू एस एंड टी, हिसार और प्रो. अशोक श्रीवास्तव, पूर्व डीन इंजीनियरिंग, एसवीएसयू, इस आयोजन के विशेष आमंत्रित सदस्य थे। प्रो. योगेश चाबा ने प्रतिभागियों को एंगुलर 2+ के महत्व और उद्योगों की मांग का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। संयोजक डॉ. रविन्द्र कुमार ने दिन-प्रतिदिन के कार्यक्रम सहित कार्यक्रम की संक्षिप्त रूप में प्रस्तुत किया और संयोजक डॉ. संजय सिंह राठौर ने सभी को धन्यवाद दिया, जिन्होंने इस कार्यक्रम के आयोजन में मदद की। उन्होंने पूरी आयोजन टीम, डॉ. रविंदर कुमार, डॉ. मणि कंवर, डॉ. प्रीति, डॉ. ललित, और डॉ. भारती, के निरंतर समर्थन के लिए उनकी सराहना की और उल्लेख किया कि एक अच्छी शुरुआत एक अच्छा अंत बनाती है।



सम्पादकीय...

## ओपन सर्च

# चीनी सेना ने घुसपैठ की

किसका सच स्वीकार करें और किसे झूठा करार दें? भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय ने अपने एक दस्तावेज में माना है कि चीन ने अतिक्रमण किया और पांच मई से भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ की है। लेकिन पूरा देश जानता है कि प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के अधिकृत प्रवक्ता लगातार दावे करते रहे हैं कि हमारी सीमा में न तो कोई घुसा है और न ही कोई घुसा हुआ है। कब्जा करने का दुस्साहस कोई नहीं कर सकता। सरकार के भीतर का यह विरोधाभास स्पष्ट है। दस्तावेज में रक्षा विभाग की प्रमुख गतिविधियों का उल्लेख था। उसमें स्पष्टतः स्वीकार किया गया है कि चीन आक्रामक मूड में है और उसने 5-6 मई के बाद हमारे इलाकों में अतिक्रमण किया है। रक्षा मंत्रालय की यह रपट जून माह की है, जबकि अप्रैल-मई की रपट में चीनी आक्रामकता और अतिक्रमण का कोई जिक्र नहीं था। 'चोर की दाढ़ी में तिनका' वाली कहावत की तरह मंत्रालय ने बीते गुरुवार दोपहर बाद वेबसाइट से सवालिया रपट हटा दी। अब रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता भी इस रपट पर टिप्पणी करने और रपट हटा लेने की कार्रवाई से इंकार कर रहे हैं। अतिक्रमण की स्वीकारोक्ति के अलावा, रपट में यह आकलन भी दिया गया था कि पूर्वी लद्दाख के तनावग्रस्त इलाकों में अभी विवाद और गतिरोध लंबा खिचेंगे। यह कितना लंबा होगा, यह स्पष्ट नहीं किया गया है। चीन के सैनिक फिंगर इलाके से पीछे हटने को तैयार ही नहीं हैं, जबकि दोनों देशों के बीच कोर कमांडर स्तर की पांच दौर की 55 घंटे से ज्यादा चली बातचीत में सहमति बनी थी कि दोनों पक्षों की सेनाएं 2-2 किलोमीटर पीछे हटेंगी, एक बफर जोन बनेगा, जहां कोई भी सैनिक तैनात नहीं किया जाएगा, लेकिन चीन तमाम सहमतियों के विपरीत ही काम करता रहा है। इसके बावजूद चीन ने अपना सैन्य जमावड़ा बढ़ाया है। भारत ने भी युद्ध संबंधी तैनातियां की हैं। मंत्रालय के विवादित दस्तावेज के मुताबिक, स्थितियां संवेदनशील हैं। वेबसाइट पर यह दस्तावेज बीते मंगलवार से उपलब्ध था, जिसमें वास्तविक नियंत्रण-रेखा (एलएसी) पर कड़ी निगरानी और बदले हालात के अनुरूप तुरंत कार्रवाई करने की जरूरत का उल्लेख किया गया था।

चूंकि प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्रालय के बीच गहरा और गंभीर विरोधाभास सामने आया है, लिहाजा आनन-फानन में वह रपट वेबसाइट से हटा ली गई। अब कुछ मौजू सवाल हैं कि चीन की आक्रामकता के मद्देनजर भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई क्या होगी? क्या स्थितियां एक छोटे युद्ध की ओर बढ़ रही हैं? क्या चीन भारत पर युद्ध थोपना चाहता है और उसके लिए पाकिस्तान, नेपाल के मोर्चों को भी उकसा रहा है? क्या भारत भी एक साथ तीन मोर्चों पर लडने को तैयार है? चीन ने हाल ही में समंदर में दो मिसाइलों का परीक्षण कर हालात के प्रति आगाह कर दिया है। हमलावर तनाव और संभावित टकराव के बावजूद क्या चीन के साथ सैन्य और राजनयिक स्तर पर संवाद जारी रखना संभव होगा? दस्तावेज में यह भी स्वीकार किया गया है कि चीन के सैनिक 17-18 मई को पैंगोंग के भारतीय इलाके में घुसे थे। कुगरांग नाला और गोगरा में भी घुसपैठ की गई थी। फिंगर 5-8 तक के इलाके में भारतीय सैनिक अब गश्त नहीं कर पा रहे हैं। अवरोध हैं, तो गश्त कैसे करेंगे? हालांकि ये तमाम इलाके बुनियादी तौर पर 'भारतीय्य हैं। यदि इस तरह अतिक्रमण हो रहा है, तो भारत की सरजमीं पर चीनी कब्जे भी हो रहे हैं, अब इस हकीकत को नजरअंदाज कैसे किया जा सकता है? अब सिर्फदो विकल्प सामने लगते हैं-या तो भारतीय सेना आक्रामक पलटवार करे अथवा चीनी कब्जे वाले इलाकों को ही 'नई एलएसी' स्वीकार कर ले? लेकिन सबसे अहं यह है कि प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्रालय के विरोधाभास स्पष्ट किए जाएं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तो सवाल कर दिया है कि प्रधानमंत्री झूठ क्यों बोल रहे हैं? हालांकि देश अभी किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा है। हम देश के प्रधानमंत्री के लिए अपशब्दों का प्रयोग नहीं कर सकते। हमारा विश्वास है कि जब भी प्रधानमंत्री कुछ बोलते हैं, तो वह बिल्कुल सटीक और सच्चे तथ्यों पर आधारित होता है, लेकिन इस संदर्भ में क्या कहा जाए?

विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस (8 अगस्त) विशेष ...

# उम्र की शाम में उदासी नहीं, उमंग हो

-ललित गर्ग-

अन्तर्राष्ट्रीय दिवसों की दृष्टि से अगस्त माह का विशेष महत्व है, इस माह में अनेक अन्तर्राष्ट्रीय दिवस आयोजित होते हैं जैसे युवा दिवस, मित्रता दिवस, हिरोशिमा दिवस, अंगदान दिवस, स्तनपान दिवस, आदिवासी दिवस, मच्छर दिवस, फोटोग्राफी दिवस, मानवीय दिवस आदि-आदि उनमें एक महत्वपूर्ण दिवस है विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस जो 8 अगस्त को पूरी दुनिया में वृद्धों को समर्पित किया गया है। यह दिवस वरिष्ठ नागरिकों के उन्नत, स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन के लिये आयोजित होता है। इस दिवस को आयोजित करने की आवश्यकता इसलिये पड़ी कि आज के वरिष्ठ नागरिक जो दुनियाभर में उपेक्षा के शिकार हो रहे हैं, उनको उचित सम्मान एवं उन्नत जीवन जीने की दिशाएं मिले। प्रश्न है कि दुनिया में वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाने की आवश्यकता क्यों हुई? क्यों वरिष्ठ नागरिकों की उपेक्षा एवं प्रताड़ना की स्थितियां बनी हुई है? चिन्तन का महत्वपूर्ण पक्ष है कि वरिष्ठ नागरिकों की उपेक्षा के इस गलत प्रवाह को कैसे रोके। क्योंकि सोच के गलत प्रवाह ने न केवल वृद्धों एवं वरिष्ठजनों का जीवन दुश्वार कर दिया है बल्कि आदमी-आदमी के बीच के भावात्मक एवं संवेदना के फासलों को भी बढ़ा दिया है। वर्तमान दौर की यह एक बहुत बड़ी विडम्बना है कि इस समय की बुजुर्ग पीढ़ी घोर उपेक्षा और अवमानना की शिकार है। यह पीढ़ी उपेक्षा, भावनात्मक रिक्तता और उदासी को ओढ़े हुए है। इस पीढ़ी के चेहरे पर पड़ी झुर्रियां, कमजोर आंखें, थका तन और उदास मन जिन त्रासद स्थितियों को बयां कर रही है उसके लिए जिम्मेदार है हमारी आधुनिक सोच और स्वार्थपूर्ण जीवन शैली। समूची दुनिया में वरिष्ठ नागरिकों की दयनीय स्थितियां एक चुनौती बन कर खड़ी है, एक अन्तर्राष्ट्रीय समस्या बनी हुई है। विश्व में इस दिवस को मनाने के तरीके अलग-अलग हो सकते हैं, परन्तु सभी का मुख्य उद्देश्य यह होता है कि वे अपने बुजुर्गों एवं वरिष्ठजनों के योगदान को न भूलें और उनको अकेलेपन की कमी को महसूस न होने दें। हमारा भारत तो बुजुर्गों को भगवान के रूप में मानता है। इतिहास में अनेकों ऐसे उदाहरण है कि माता-पिता की आज्ञा से जहां भगवान श्रीराम जैसे अवतारी पुरुषों ने राजपाट त्याग कर वनों में विचरण किया, मातृ-पितृ भक्त श्रवणकुमार ने अपने अन्धे माता-पिता को काँवड़ में बैठाकर चारधाम की यात्रा कराई। फिर क्यों आधुनिक समाज में वृद्ध माता-पिता और उनकी संतान के बीच दूरियां बढ़ती जा रही है। समाज में अपनी अहमितय न समझे जाने के कारण हमारा वरिष्ठ नागरिक समाज दुःखी, उपेक्षित एवं त्रासद जीवन जीने को विवश है। वरिष्ठजनों को इस दुःख और कष्ट से छुटकारा दिलाना आज की सबसे बड़ी जरूरत है। भारतीय परिप्रेक्ष्य में वरिष्ठ नागरिकों की दशा अधिक चिन्तनीय है। दादा-दादी, नाना-नानी की यह पीढ़ी एक जमाने में भारतीय परंपरा और परिवेश में अतिरिक्त सम्मान की अधिकारी हुआ करती थी और उसकी छत्रछाया में संपूर्ण पारिवारिक परिवेश निश्चिंत और भरापूरा महसूस करता था। न केवल परिवार में बल्कि समाज में भी इस पीढ़ी का रुतबा था, शान थी। आखिर यह शान क्यों लुप्त होती जा रही है? क्यों वृद्ध पीढ़ी उपेक्षित होती जा रही है? क्यों वरिष्ठजनों को निरर्थक और अनुपयोगी समझा जा रहा है? वरिष्ठजनों की उपेक्षा से परिवार तो कमजोर हो ही रहे हैं लेकिन सबसे ज्यादा नई पीढ़ी प्रभावित हो रही है। क्या हम वृद्ध पीढ़ी को परिवार की मूलधारा में नहीं ला सकते? ऐसे कौन से कारण और हालात हैं जिनके चलते वरिष्ठजन इतने उपेक्षित होते जा रहे हैं? यह इतनी बड़ी समस्या कि किसी एक अभियान से इसे रास्ता नहीं मिल सकता। इस समस्या का समाधान पाने के लिए जन-जन की चेतना को जागना होगा। इस दृष्टि से विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस की आयोजना की एक महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। वरिष्ठजन एक सम्बल हुआ करते थे, ताकत हुआ करते थे और जीवन को संवारने का सबसे बड़ा माध्यम हुआ करते थे। बचपन को सहलाकर उसे अकल्पित ऊंचाइयां प्रदान करने वाले, परिवारों में सुख-समृद्धि का संवर्धन करने वाले वृद्धजन क्यों घृणा, उपेक्षा और अवमानना के पात्र बन जाते हैं? यह एक ज्वलंत प्रश्न है। क्यों हम उनके अनुभवों, सूझ-बूझ, ज्ञान-संपदा और समृद्ध विचारों की परिपक्वता से लाभ लेने से हिचकिचा रहे हैं? हमारे सामने एक अहम प्रश्न और है कि हम किस तरह नई पीढ़ी और बुजुर्ग पीढ़ी के बीच बढ़ती दूरी को पाटने का प्रयत्न करें। इन दोनों पीढ़ियों के बीच संवादिता और संवेदनशीलता इसी तरह लुप्त होती रही तो समाज और परिवार अपने नैतिक दायित्व से विमुख हो जाएगा। दो पीढ़ियों की यह भावात्मक या व्यावहारिक दूरी किसी भी दृष्टि से हितकर नहीं है। जरूरी है कि हम बुजुर्ग पीढ़ी को उसकी उम्र के अंतिम पड़ाव में मानसिक स्वस्थता का माहौल दें, आधि, व्याधि और उपाधियों को भोग चुकने के बाद वे अपना अंतिम समय समाधि के साथ गुजार सकें ऐसी स्थितियों को निर्मित करें। नई पीढ़ी और बुजुर्ग पीढ़ी की संयुक्त जीवनशैली से अनेक तरह के फायदे हैं जिनसे न केवल समाज और राष्ट्र मजबूत होगा बल्कि परिवार भी अपूर्व शांति और उल्लास का अनुभव करेगा। सबसे अधिक नई पीढ़ी अपने बुजुर्ग दादा-दादी या नाना-नानी की छत्रछाया में अपने आपको शक्तिशाली एवं समृद्ध महसूस करेगी। एक अवस्था के पश्चात निश्चित ही व्यक्ति में परिपक्वता और ठोसता आती है। वरिष्ठजनों के अनुभवों का वैभव और ज्ञान की अपूर्व संपदा उन्हें दुनिया की रफ्तार के साथ कदमताल करने में सहायक हो सकती है। इस दृष्टि से हावर्ड और वर्लिन के वैज्ञानिकों/मनोचिकित्सकों ने गहन खोजें की हैं। जर्मन वैज्ञानिकों ने युवाओं और बुजुर्गों के समक्ष कुछ जटिल समस्याएं तथा कुछ सुविधाजनक परिस्थितियां प्रस्तुत कीं और उन्हें हल करने को कहा। देखा गया कि जीवन संबंधी समस्याओं को सुलझाने में युवाओं की अपेक्षा बुजुर्ग लोग अधिक सफल या कुशल साबित हुए। अन्य अध्ययनों/विश्लेषणों से भी यह तथ्य सामने आया कि बुजुर्गों के सामने यदि कोई लक्ष्य रख दिया जाए तो वे अपने धीमे सोचने की शक्ति की क्षतिपूर्ति अपने पैने नजरिए एवं बेहतर योजनाओं के द्वारा कर लेते हैं। यह भी एक तथ्य है कि सम्यक् दृष्टिकोण, पारदर्शी सोच, परिणामों का आंकलन किसी भी चीज के अच्छे-बुरे पहलुओं को तोलने/परखने की क्षमता-ये गुण वरिष्ठजनों में अपेक्षाकृत अच्छी मात्रा में उपलब्ध होते हैं। अतः ऑफिसों, संस्थाओं या घरों में बुजुर्गों को उपेक्षित करने का जो प्रचलन बढ़ रहा है, उस पर गंभीरता से पुनर्विचार की जरूरत है। हमें स्कूलों में पैरेंट्स-डे के स्थान पर ग्रांड-पैरेंट्स-डे मनाना चाहिए। इससे जहां बच्चे अपने दादा-दादी के अनुभवों से लाभांवित होंगे वहीं दादा-दादी को बच्चों के इस तरह के दायित्व से जुड़कर एक सक्रियता मिलेगी। इसी तरह के उपक्रम हम घरेलू, धार्मिक एवं सामाजिक स्तर पर भी कर सकते हैं। हर दिन परिवार में एक संगोष्ठी का क्रम शुरू करके उसमें परिवार के वरिष्ठजनों के विचारों का लाभ लें और उनसे प्रशिक्षण प्राप्त करें।



# भारत की साँझा संस्कृति और मुस्लिम दिग्गज

-डॉ- राम पुनियानी-

opensearch

जनसामान्य में यह धारणा घर कर गयी है कि मुसलमान मूलतः और स्वभावतः अलगाववादी हैं और उनके कारण ही भारत विभाजित हुआ. सच यह है कि मुसलमानों ने हिन्दुओं के साथ कन्धा से कन्धा मिलाकर आजादी की लड़ाई में हिस्सा लिया और पूरी निष्ठा से भारत की साँझा विरासत और संस्कृति को पोषित किया. विभाजन का मुख्य कारण था अंग्रेजों की 'बांटो और राज करो' की नीति और देश को बांटने में हिन्दू और मुस्लिम संप्रदायवादियों ने अंग्रेजों की हरचंद मदद की. फिर भी, आम तौर पर मुसलमानों को देश के बंटवारे के लिए दोषी ठहराया जाता है. यही नहीं, भारत पर अपने राज को मजबूती देने के लिए अंग्रेजों के सांप्रदायिक चश्मे से इतिहास का लेखन करवाया और आगे चलकर इतिहास का यही संस्करण सांप्रदायिक राजनीति की नींव बना और उसने मुसलमानों के बारे में मिथ्या धारणाओं को बल दिया। सेवानिवृत्ति की कगार पर खड़े एक नौकरशाह, के. नागेश्वर राव, ने ट्विटर पर हाल में जो टिप्पणियां कीं हैं, वे इसी धारणा की उपज हैं. इन ट्वीटों में राव ने शासकीय कर्मियों के लिए निर्धारित नियमों का उल्लंघन करते हुए, आरएसएस-भाजपा की तारीफों के पुल बांधे हैं और उन दिग्गज मुस्लिम नेताओं का दानवीकरण करने का प्रयास किया हैं जिन्होंने न केवल स्वाधीनता संग्राम में भागीदारी की वरन स्वतंत्र भारत के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की. राव ने मौलाना आजाद और अन्य मुस्लिम केंद्रीय शिक्षा मंत्रियों पर हिन्दुओं की जड़ों पर प्रहार करने का आरोप लगाते हुए ऐसे मंत्रियों की सूची और उनके कार्यकाल की अवधि का हवाला भी दिया है: मौलाना अबुल कलम आजाद - 11 वर्ष (1947-58), हुमायूँ कबीर, एमसी छागला और फखरुद्दीन अली अहमद - 4 वर्ष (1963-67) और नुरुल हसन - 5 वर्ष (1972-77). उन्होंने लिखा कि बाकी 10 वर्षों में वीकेआरवी राव जैसे वामपंथी केंद्रीय शिक्षा मंत्री के पद पर रहे। उनका आरोप है कि इन मंत्रियों की नीतियों के मुख्य अंग थे: 1. हिन्दुओं के ज्ञान को नकारना, 2. हिन्दू धर्म को अंधविश्वासों का खजाना बताकर बदनाम करना, 3, शिक्षा का अब्राहमिकिकरण करना, 4. मीडिया और मनोरंजन की दुनिया का अब्राहमिकिकरण करना और 5. हिन्दुओं को उनकी धार्मिक पहचान के लिए शर्मिंदा करना. राव का यह भी कहना है कि हिन्दू धर्म ही हिन्दू समाज को एक रखता है और उसके बिना हिन्दू समाज समाप्त हो जायेगा। फिर वे हिन्दुओं का गौरव पुनर्स्थापित करने के लिए आरएसएस-भाजपा की प्रशंसा करते हैं. उन्होंने जो कुछ लिखा है वह नफरत को बढ़ावा देने वाला तो है ही वह एक राजनैतिक वक्तव्य भी है. नौकरशाहों को इस तरह के वक्तव्य नहीं देने चाहिए. सीपीएम की पोलित ब्यूरो की सदस्य बृंदा कारत ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर इस अधिकारी के खिलाफ उपयुक्त कार्यवाही किए जाने की मांग की है। राव ने शुरुआत मौलाना आजाद से की है. मौलाना आजाद, स्वाधीनता आन्दोलन के अग्रणी नेताओं में से एक थे और सन 1923 में वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सबसे युवा अध्यक्ष बने. वे 1940 से लेकर 1945 तक भी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे. उन्होंने अंतिम क्षण तक देश के विभाजन का विरोध किया. कांग्रेस अध्यक्ष की हैसियत से 1923 में उन्होंने लिखा, 'अगर जन्नत से कोई देवदूत भी धरती पर उतर कर मुझसे कहे कि यदि मैं हिन्दू-मुस्लिम एकता की बात करना छोड़ दूं तो इसके बदले वह मुझे 24 घंटे में स्वराज दिलवा देगा तो मैं इंकार कर दूंगा. स्वराज तो हमें देर-सवेर मिल ही जायेगा परन्तु अगर हिन्दुओं और मुसलमानों की एकता खत्म हो गयी तो यह पूरी मानवता के लिए एक बड़ी क्षति होगी.' उनकी जीवनी लेखक सैय्यदा हामिद लिखती हैं, 'उन्हें तनिक भी संदेह न था कि भारत के मुसलमानों का पतन, मुस्लिम लीग के पथभ्रष्ट नेतृत्व की गंभीर भूलों का नतीजा है. उन्होंने मुसलमानों का आह्वान किया कि वे अपने हिन्दू, सिख और ईसाई देशवासियों के साथ मिलजुलकर रहें.' उन्होंने ही रामायण और महाभारत का फारसी में अनुवाद करवाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। यह तो पक्का है कि श्री राव ने न तो मौलाना आजाद को पढ़ा है, ना उनके बारे में पढ़ा है और ना ही उन्हें इस बात का इल्म है कि मौलाना आजाद की आधुनिक भारत के निर्माण में क्या भूमिका थी. श्री राव जिन वैचारिक शक्तियों की प्रशंसा के गीत गा रहे हैं वे शक्तियां नेहरु युग में जो कुछ भी हुआ, उसकी निंदा नहीं करते नहीं थकतीं. परन्तु वे यह भूल जाते हैं कि नेहरु युग में ही शिक्षा मंत्री की हैसियत से मौलाना आजाद ने आईआईटी, विभिन्न वैज्ञानिक अकादमियों और ललित कला अकादमी की स्थापना करवाई. इसी दौर में भारत की साँझा विरासत और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए अनेक कदम उठाये गए। जिन अन्य दिग्गजों पर राव ने हमला बोला है वे सब असाधारण मेधा के धनी विद्वान थे और शिक्षा के क्षेत्र के बड़े नाम थे. हुमायूँ कबीर, नुरुल हसन और डॉ जाकिर हुसैन ने शिक्षा के क्षेत्र में असाधारण और बेजोड़ सैद्धांतिक और व्यावहारिक योगदान दिया. हम बिना किसी संदेह के कह सकते हैं कि अगर आज भारत सॉफ्टवेयर और कंप्यूटर के क्षेत्रों में विश्व में अपनी धाक जमा पाया है तो उसके पीछे वह नींव हैं जो शिक्षा के क्षेत्र में इन महानुभावों ने रखी. हमारे देश में सॉफ्टवेयर और कंप्यूटर इंजीनियरों की जो बड़ी फौज है वह उन्हीं संस्थाओं की देन है जिन्हें इन दिग्गजों ने स्थापित किया था। यह आरोप कि इन मुसलमान शिक्षा मंत्रियों ने 'इस्लामिक राज' के रक्तरंजित इतिहास पर पर्दा डालने का प्रयास किया, अंग्रेजों द्वारा शुरू किए गए सांप्रदायिक इतिहास लेखन की उपज है. दोनों धर्मों के राजाओं का उद्देश्य केवल सत्ता और संपत्ति हासिल करना था और उनके दरबारों में हिन्दू और मुसलमान दोनों अधिकारी रहते थे।

# परमाणु बम विशेष 9 अगस्तः विश्व शांति के लिए बमों की बजाय समन्वयक विचारों पर बल देने की ज्यादा जरूरत

-प्रियंका सौरभ-

विश्व शांति के लिए बमों की बजाय समन्वयक विचारों पर बल देने की ज्यादा जरूरत है. पूरी दुनिया में आज आज ऐसे-ऐसे हथियार मौजूद है जो पालक झपकते ही इनको खत्म कर सकते है. यही नहीं दुनिया को भी सैंकड़ों बार खत्म कर सकते है. आज अधिकांश सदस्य देश इनजनसंहार के हथियारों का ख़ात्मा चाहते हैं लेकिन फिर भी निरस्त्रीकरण सम्मेलनों में पिछले दो दशकों से इस पर बातचीत नहीं हुई है. इसके चलते हथियारों पर नियंत्रण के मुद्दों पर वार्ता हो रही है. इसके अलावा हथियारों के क्षेत्र में नई तकनीकें इन जोखिमों को ऐसे बढ़ा रही हैं जिनकी हम कल्पना भी नहीं कर सकते.




परमाणु हथियारों ने मानव सृष्टि को जितना नुकसान पहुँचाया है शायद उतना किसी अन्य ने नहीं. इसके बावजूद आज भी दुनिया में अपने वजूद को मजबूत करने और अस्तित्व को बनाये रखने के लिए इस विनाशक हथियार को अपनी ढाल बांये हुए है. कहीं ऐसा न हो कि ये वजूद ही दुनिया के वजूद को जमींदोज न कर दे. अमेरिका ने जापानी शहरों हिरोशिमा और नागासाकी पर 6 और 9 अगस्त, 1945 को दो परमाणु हथियारों का विस्फोट किया. 1945 के बाद से, संयुक्त राज्य अमेरिका, सोवियत संघ/रूस, यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, चीन, इजरायल, भारत, पाकिस्तान और उत्तर कोरिया ने खुद को परमाणु हथियारों से लैस किया है, जिनके पास अतीत में हिरोशिमा और नागासाकी को नष्ट करने वालों की तुलना में बहुत अधिक विनाशकारी शक्ति है।

ग्लोबल एंड ह्यूमन सिक्योरिटी इंस्टीट्यूट फॉर ग्लोबल इश्यूज, ब्रिटिश कोलंबिया विश्वविद्यालय के निदेशक ऐम वी रमन के अनुसार दुनिया भर में परमाणु युग की शुरुआत के बाद से 1,26,000 से अधिक परमाणु हथियार बनाए गए हैं। उनमें से 2,000 से अधिक का उपयोग केवल परमाणु परीक्षणों में किया गया है, जमीन के ऊपर और नीचे, अपनी विस्फोटक शक्ति का प्रदर्शन करने के लिए, जिससे पर्यावरण और सार्वजनिक स्वास्थ्य को गंभीर और लंबे समय तक नुकसान होता है। अगर कुछ मौजूदा हथियारों का उपयोग नागरिक आबादी के खिलाफकिया जाता है तो धरती पर कुछ नहीं बचेगा.

हथियारों पर नियंत्रण के लिए बने अंतरराष्ट्रीय मंचकमजोर हो रहे हैं. दुनिया में बिना सजा के डर के रासायनिक हथियारों का लगातार इस्तेमाल हो रहा है जिससे उनका प्रसार भी तेज हो रहा है. अवैध छोटे हथियारों और विस्फोटकों का इस्तेमाल हो रहा है जिससे दुनिया भर में हजारों आम लोगों की जानें जा रही हैं. हमें यह समझना शुरू करना चाहिए कि परमाणु हथियारों के खिलाफ खुद को बचाने के लिए कोई वास्तविक तरीका नहीं है,

चाहे वे जानबूझकर, अनजाने में, या गलती से उपयोग किए जाएं। 1950 के दशक के अंत में बैलिस्टिक मिसाइलों के आविष्कार ने उनकी शानदार गति के साथ, एक बार लॉन्च होने के बाद परमाणु हथियारों को रोकना असंभव बना दिया। इस भेद्यता को नकारने में न तो फॉलआउट शेल्टर और न ही बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस सिस्टम सफल हुए हैं।

परमाणु हथियार वाले राज्यों ने इस भेद्यता पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है जो एक तर्क है कि परमाणु हथियारों का उपयोग निरोध के कारण असंभव है। परमाणु हथियार इतने विनाशकारी हैं कि कोई भी देश उनका उपयोग नहीं करेगा, क्योंकि इस तरह के उपयोग से प्रतिशोध की भावना पैदा होगी, और कोई भी राजनीतिक नेता अपने लाखों नागरिकों की संभावित मौत का जोखिम उठाने के लिए तैयार नहीं होगा।

परमाणु हथियार केवल दूसरों द्वारा परमाणु हथियारों के उपयोग के खिलाफ देशों की रक्षा नहीं करते हैं, बल्कि युद्ध को भी रोकते हैं और स्थिरता को बढ़ावा देते हैं। ये दावे सबूत तक नहीं हैं। परमाणु खतरों ने हमेशा डर पैदा नहीं किया है और बदले में, डर ने हमेशा सावधानी नहीं बरती है। इसके विपरीत, कुछ मामलों में परमाणु खतरों ने क्रोध पैदा किया है, और क्रोध एक क्रोध को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित कर सकता है, जैसा कि क्यूबा मिसाइल संकट के दौरान फिदेल कास्त्रो के साथ हुआ था।

न ही परमाणु निरोध को स्थिर माना जाना चाहिए। परमाणु हथियारों को प्राप्त करने के लिए नए देशों के लिए एक तर्क पेश करते हैं। स्पष्ट रूप से, हालांकि, सभी परमाणु हथियार राज्यों ने इस संभावना को स्वीकार किया है कि निरोध विफल हो सकता है: उन्होंने परमाणु हथियारों का उपयोग करने की योजना बनाई है, वास्तव में, वो परमाणु युद्ध लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। यह सोचना एक भ्रम है कि परमाणु युद्ध असंभव है।

परमाणु हथियारों की सही नियंत्रणीयता और सुरक्षा में विश्वास करने की इच्छा अति आत्मविश्वास पैदा करती है, जो खतरनाक है। अति आत्मविश्वास, क्योंकि सुरक्षा का अध्ययन करने वाले कई विद्वान गवाही देंगे, दुर्घटनाओं की संभावना और संभवतः परमाणु हथियारों के उपयोग की संभावना है।कई ऐतिहासिक उदाहरणों में, परमाणु हथियारों के उपयोग को रोकने वाली प्रथाओं पर नियंत्रण नहीं था, लेकिन संस्थागत नियंत्रण के बाहर उनकी विफलता या कारक थे। इन मामलों में सबसे प्रसिद्ध 1962 क्यूबा मिसाइल संकट है। ऐसे कई और मामले हैं, जिनके दौरान दुनिया परमाणु युद्ध के करीब आई.

वैसे परमाणु हथियारों की दौड़ नयी नहीं है. 1950 के दशक से ही परमाणु हथियारों की दौड़ दिखाई दे रही थी। नवीन परमाणु परीक्षण प्रतिद्वंद्विता नए परमाणु हथियारों की नवीन दौड़ की शुरुआतविष शांति की अप्रांसगिकता की ओर संकेत करता है। वर्तमान तनाव के समय में देशों को ठोस कदमों के बारे में जानकारी, पारदर्शिता और विश्वास बढ़ाने वाले कदमों के माध्यम से आगे बढ़ना चाहिए. ऐसे कदम उठाते समय क्षेत्रीय परमाणु चुनौतियों के साथ-साथ साइबर सुरक्षा, आर्टिफिशियल इंटैलीजेंस और अगली पीढ़ी के हाइपरसोनिक हथियारों से पैदा हो रहे ख़तरों को भी समझा जाए।

# वीरांगना तीलू रौतेली के जन्म दिवस पर मुख्यमंत्री ने प्रदान किये आंगनवाड़ी कार्यकर्ती पुरस्कार

**देहरादून (ओपन सर्च)** शनिवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विकास विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वीरांगना तीलू रौतेली के जन्म दिवस के अवसर पर प्रदेश की 21 महिलाओं व किशोरियों को राज्य स्त्री शक्ति तीलू रौतेली तथा 22 आंगनवाड़ी कार्यकर्तियों को सम्मानित किया। देहरादून जनपद के पुरस्कार पाने वाले को मुख्यमंत्री ने स्वयं सम्मानित किया जबकि अन्य को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्बन्धित जनपदों में विधायक गणों एवं जिलाधिकारियों की उपस्थिति में यह पुरस्कार प्रदान किये गये। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि अगले वर्ष से राज्य स्त्री शक्ति तीलू रौतेली पुरस्कार की धनराशि 21 हजार से बढ़ाकर 31 हजार तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ती पुरस्कार की धनराशि 11 हजार से बढ़ाकर 21 हजार की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के समग्र विकास में स्त्री और पुरूष की समान भागीदारी है। समाज के महत्वपूर्ण अंग होने के नाते स्वस्थ समाज के निर्माण में भी इन की समान भूमिका है। स्त्री और पुरूष को समान रूप से आर्थिक रूप से मजबूत करना समय की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं की आर्थिक स्थिति की मजबूती के लिये महिला किसानों एवं स्वयं सहायता समूहों को 05 लाख तक बिना ब्याज के ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खेती की बेहतरी के लिये पहले महिलाओं को 2 प्रतिशत ब्याज पर ऋण दिया जा रहा था। इस क्षेत्र में उनके बेहतर कार्य को देखते हुए अब 3 लाख की धनराशि उन्हें बिना ब्याज के उपलब्ध करायी जायेगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बैडमिंटन खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक सुश्री उन्नति बिष्ट, मास्क तैयार करने, प्रशिक्षण देने तथा खाद्यान्न वितरण में सहयोगी रही श्रीमती संगीता थपलियाल, स्वयं सहायता समूहों के गठन, टेक होम राशन वितरण, कुपोषित



बच्चों को ऊर्जा पुष्टाहार तैयार करने में सहयोगी रही श्रीमती गीता मोर्य को तीलू रौतेली राज्य स्त्री शक्ति तथा विभागीय कार्यक्रमों के बेहतर क्रियान्वयन, कम्युनिटी सर्विलांस आदि कार्यों के लिये आंगवाड़ी कार्यकर्तियों, श्रीमती सुधा, कुमारी सीमा तथा कु. फातिमा को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। अन्य लोगों को जनपदों में यह पुरस्कार प्रदान किये गये हैं। महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती रेखा आर्या ने वीरांगना तीलू रौतेली की वीरगाथा का परिचय देते हुए कहा कि प्रदेश के गढ़वाल क्षेत्र की तीलू रौतेली एक ऐसी वीरांगना थी जो मात्र 15 साल की उमर में ही रणभूमि में कूद गई थी। उन्होंने सात साल तक दुश्मन राजाओं को कड़ी चुनौती दी थी। मात्र 15 से 20 साल की उम्र में सात युद्ध लड़ने वाली तीलू रौतेली एक मात्र ऐसी वीरांगना है जिनकी जयंती पर प्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में कार्य करने वाली महिलाओं को हर साल तीलू रौतेली के जन्म दिन के अवसर पर पुरस्कृत किया जाता है। इसमें वे महिला शामिल हैं जिन्होंने शिक्षण, समाज सेवा, साहसिक कार्य, खेल, कला, क्राफ्ट, संस्कृति, पर्यावरण एवं कृषि आदि क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया हो। इसके साथ ही कोरोना वारियर के रूप में उल्लेखनीय कार्य करने वाली आंगवाड़ी कार्यकर्तियों को भी सम्मानित किया जा रहा है। उन्होंने कहा प्रदेश में महिलाओं के व्यापक हित में भूमि के कागजातों में पति के साथ पत्नी का नाम जुड़ने से उन्हें ऋण आदि सुविधा प्राप्त करने में मदद मिलेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री से महिलाओं को 50 लाख तक की सम्पति क्रय करने पर मात्र एक रूपये शुल्क लिये जाने की बात कही। अभी महिलाओं को 25 लाख की रजिस्ट्री पर 25 प्रतिशत की छूट प्रदान की जा रही है। आंगनवाड़ी कार्यकर्तियों को रक्षाबंधन पर 1000 रू. की अतिरिक्त धनराशि प्रदान करने के लिये उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार भी जताया। इस अवसर पर सचिव श्रीमति सौजन्या, निदेशक डॉ. वी. षणमुगम के साथ ही अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

**जनपदों में राज्य स्त्री शक्ति तीलू रौतेली पुरस्कार से सम्मानित**

सुश्री प्रीति भण्डारी, कु. शिवानी आर्या, सुश्री गुंजन बाला, सुश्री जानकी चन्द, सुश्री शशि देवली, डॉ. पुष्पांजलि अग्रवाल, श्रीमती कंचन भण्डारी, मालविका माया उपाध्याय, श्रीमती सुमन वर्मा, कु. शीतल, श्रीमती मधु खुगशाल, सुश्री कीर्ति कुमारी, सुश्री बबीता रावत, सुश्री ज्योति उप्रेति, मीनू लता गुप्ता, श्रीमती हर्षा रावत, श्रीमती सुमति थपलियाल, श्रीमती चन्द्रकला राय।

# कोविड-19: पोम्पिओ ने भारत समेत पांच देशों के विदेश मंत्रियों से की बातचीत



**एजेंसी, नई दिल्ली।** अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के खिलाफ सामूहिक लड़ाई के बारे में विदेश मंत्री एस जयशंकर समेत पांच प्रमुख साझेदारों और सहयोगी देशों के अपने समकक्षों से बात की। पिछले कुछ दिनों में जयशंकर से पोम्पिओ की यह दूसरी बातचीत है। विदेश विभाग की प्रवक्ता मोर्गन ओर्टागस ने भारत, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, इजराइल और दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्रियों से हुई फोन पर बातचीत का ब्यौरा देते हुए कहा कि पोम्पिओ और उनके समकक्षों ने कोविड-19 महामारी से निपटने में करीबी समन्वय जारी रखने की महत्ता पर चर्चा की। ओर्टागस ने शुक्रवार को कहा, ''उन्होंने अर्थव्यवस्थाओं को फिर से खोलने और दुष्प्रचार के खिलाफ अभियान में करीबी सहयोग करने की महत्ता पर जोर दिया। साथ ही भविष्य में महामारियों को फैलने से रोकने के लिए समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर भी बल दिया। जयशंकर और पोम्पिओ कोरोना वायरस महामारी के दौरान एक-दूसरे के साथ नियमित संपर्क में रहे हैं। दोनों शीर्ष राजनयिकों ने समय-समय पर फोन पर एक-दूसरे से बातचीत की है। भारत और अमेरिका ने कोरोना वायरस के खिलाफ सामूहिक प्रयासों समेत विभिन्न मुद्दों पर अपना द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाया है और साथ ही ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, इजराइल, जापान तथा दक्षिण कोरिया जैसे अपने अहम सहयोगियों एवं साझेदारों के साथ भी सहयोग बढ़ाया है। वे कोविड-19 के लिए टीका विकसित करने के मुद्दे पर भी समन्वय कर रहे हैं। पोम्पिओ ने बृहस्पतिवार को जयशंकर से फोन पर बातचीत की। उन्होंने फिलीपीन के विदेश मंत्री से अलग से बात की। गुरुवार को व्यापक मुद्दों पर हुई बातचीत में दोनों नेताओं ने कोविड-19 महामारी, हिंद-प्रशांत और चतुष्कोणीय गठबंधन समेत क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचार साझा किए। जयशंकर ने ट्वीट किया, ''अपने द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की। दक्षिण एशिया, अफगानिस्तान, हिंद-प्रशांत और कई मुद्दों समेत क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर विचार साझा किए। उन्होंने एक अन्य ट्वीट में कहा, ''कोरोना वायरस की चुनौती से निपटने पर विचार साझा किए। गौरतलब है कि भारत, अमेरिका और कई अन्य विश्व शक्तियां मुक्त एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र की जरूरत पर बातचीत कर रहे हैं। इस क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य गतिविधियों के मद्देनजर यह कवायद चल रही है। बीजिंग 13 लाख वर्ग मील में फैले दक्षिण चीन सागर के लगभग पूरे क्षेत्र पर अपना दावा जताता है। चीन क्षेत्र में कृत्रिम द्वीपों पर सैन्य अड्डे बना रहा है। क्षेत्र पर ब्रूनेई, मलेशिया, फिलीपीन, ताइवान और वियतनाम भी अपना दावा जताते हैं।

### अमेरिका को घाव देने की कीमत चीन को चुकानी होगी, डोनाल्ड ट्रंप की चेतावनी

**वॉशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका दवाओं एवं चिकित्सा आपूर्ति के लिए चीन तथा अन्य देशों पर अपनी निर्भरता खत्म करेगा।

उन्होंने कहा कि घातक कोरोना वायरस फैलाकर बीजिंग ने अमेरिका और दुनिया को जो घाव दिया है, उसकी कीमत उसे चुकानी होगी। ट्रंप और कई देशों के नेताओं ने चीन पर जानलेवा बीमारी की जानकारी देने में पारदर्शिता न बरतने का आरोप लगाया है जिससे दुनियाभर में बड़ी संख्या में लोगों की जान गई और आर्थिक संकट पैदा हुआ।

बहरहाल चीन ने अमेरिका के आरोपों को खारिज किया और अमेरिका पर यह कहकर जनता का ध्यान भटकाने का आरोप लगाया कि यह वायरस वुहान में एक विषाणु विज्ञान प्रयोगशाला से पैदा हुआ।

ट्रंप ने व्हर्लपूल के विनिर्माण संयंत्र का दौरा करने के लिए ओहायो जाने से पहले बृहस्पतिवार (6 अगस्त) को व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा, ''चीन ने जो किया वह भयानक है।

# मसूरी सीवरेज योजना को जल्द पूर्ण करने का लेकर बैठक



**देहरादून.एजेंसी।** शनिवार को मसूरी विधायक गणेश जोशी ने जलनिगम के अधिकारियों के साथ बैठक कर मसूरी सीवरेज योजना को अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंनें कहा कि सीवरेज योजना के कार्य के लम्बित होने के कारण सम्पूर्ण परियोजना पर प्रभाव पड़ रहा है। विधायक जोशी ने कहा कि ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों से वार्ता कर योजना के निर्माण में आ रही अड़चनों को सुलझाया जाए।

विदित है कि मसूरी सीवरेज की इस महत्वपूर्ण योजना में 10 एसटीपी का निर्माण होना है, जिसमें से 05 एसटीपी का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है और अन्य में पर्यावरण मंत्रालय से अनुमति मांगी गयी है। बैठक में तय हुआ कि जल्द ही ग्रामीणों के साथ मौके का निरीक्षण किया जाए ताकि योजना का कार्य प्रारम्भ हो सके। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि नैन सिंह पंवार, प्रेम पंवार, ग्राम प्रधान रिखोली सोभन पुण्डीर, ग्राम प्रधान भितरली नरेश पुण्डीर, जलनिगम के ईई सुभाष चन्द्रा, एई एचसी जोशी आदि उपस्थित रहे।

## 3 लाख की आबादी पर खतरा

# 4000 टन फ्यूल ले जा रहे जहाज में दरार के बाद मॉरीशस में इमरजेंसी



**जोहानिसबर्ग।** मॉरीशस ने तट पर फंसे जापान के स्वामित्व वाले एक जहाज से कई टन ईंधन के रिसाव शुरू होने के बाद शुक्रवार (7 अगस्त) देर रात ''पर्यावरणीय आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी। प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ ने इसकी घोषणा तब की जब उपग्रह से ली गई तस्वीरों में उन पर्यावरणीय इलाकों के पास नीले जल में गहरे रंग का तैलीय पदार्थ फैलता दिखा जिन्हें सरकार ने बेहद संवेदनशील बताया।

मॉरीशस ने कहा कि यह पोत करीब 4,000 टन ईंधन ले जा रहा था और इसके निचले हिस्से में दरारें आ गईं हैं। जगन्नाथ ने इससे पहले दोपहर में कहा था कि उनकी सरकार मदद के लिए फ्रांस से अपील कर रही है। उन्होंने साथ ही कहा था कि यह रिसाव 13 लाख की आबादी वाले उनके देश के लिए एक खतरा है जो मुख्यतः पर्यटन पर आश्रित है और कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के प्रभावों से बुरी तरह प्रभावित है। उन्होंने कहा, हमारे देश के पास फंसे हुए पोतों को फिर से प्रवाहमान बनाने का कौशल और विशेषज्ञता हासिल नहीं है, इसलिए मैंने फ्रांस और राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों से मदद की अपील की है। उन्होंने कहा कि खराब मौसम से कार्रवाई करना असंभव हो गया है और मुझे इस बात की चिंता है कि रविवार (9 अगस्त) को क्या होगा जब मौसम और खराब हो जाएगा। फ्रांस का रीयूनियिन द्वीप मॉरीशस का करीबी पड़ोसी है और फ्रांस के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि फ्रांस मॉरीशस का प्रमुख विदेशी निवेशक और उसके बड़े व्यापार साझेदारों में से एक है। जगन्नाथ ने पोत 'एमवी वाकाशियो' की एक तस्वीर पोस्ट की जो खतरनाक ढंग से झुका हुआ है। मॉरीशस मौसम विज्ञान सेवा ने कहा ''समुद्र में अत्यधिक खतरा है। समुद्र में नहीं जाने की सलाह दी जाती है।

# कुलभूषण जाधव मामला: पाकिस्तान की अदालत ने 3 सदस्यीय पीठ का गठन किया



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक शीर्ष अदालत ने मौत की सजा पाए भारतीय नागरिक कुलभूषण जाधव के लिए एक कानूनी प्रतिनिधि की नियुक्त करने से जुड़ी सरकार की याचिका पर सुनवाई के लिए शुक्रवार को तीन सदस्यीय पीठ का गठन किया। सोमवार को मुख्य न्यायाधीश अतहर मिनल्लाह की अध्यक्षता वाली दो सदस्यीय पीठ ने इस मामले की सुनवाई के लिए बृहद पीठ के गठन का आदेश दिया था, जिसके बाद इस्लामाबाद उच्च न्यायालय द्वारा यह निर्णय लिया गया।

कुलभूषण जाधव मामले में 'अदालत मित्र' के तौर पर तीन वरिष्ठ वकीलों का नाम भी सुझाया गया था क्योंकि अदालत ने पाकिस्तान सरकार को आदेश दिया था कि वह मौत की सजा पाए कैदी के लिए एक वकील नियुक्त करने का 'एक और मौका' भारत को दे। अदालत में सोमवार को जाधव के लिए वकील नियुक्त करने के संबंध में पाकिस्तान सरकार की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई हुई थी। नई पीठ में मुख्य न्यायाधीश अतहर मिनल्लाह, न्यामूर्ति आमिर फारूक और न्यायमूर्ति मियांगुल हसन औरंगजेब शामिल हैं। मामले में अगली सुनवाई तीन सिंतबर के लिए सूचीबद्ध है। उल्लेखनीय है कि भारतीय नौसेना के सेवानिवृत अधिकारी 50 वर्षीय कुलभूषण जाधव को जासूसी के आरोप में पाकिस्तान की एक सैन्य अदालत ने अप्रैल 2017 में मौत की सजा सुनाई थी। इसके कुछ ही समय बाद भारत ने जाधव को राजनयिक पहुंच से पाकिस्तान द्वारा मना करने और मौत की सजा को चुनौती देने के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। हेग स्थित अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने पिछले साल (2019) जुलाई में कहा था कि पाकिस्तान को जाधव को दोषी ठहराए जाने और सजा की प्रभावी समीक्षा और पुनर्विचार करना चाहिए और उसे बिना देरी किए भारत को राजनयिक पहुंच प्रदान करनी चाहिए। पाकिस्तान द्वारा पहली राजनयिक पहुंच गत वर्ष दो सितम्बर में प्रदान की गई थी। पाकिस्तान का दावा है कि जाधव को उसके सुरक्षा बलों ने तीन मार्च, 2016 को बलूचिस्तान प्रांत से गिरफ्तार किया था जहां उन्होंने ईरान से कथित तौर पर प्रवेश किया था। वहीं भारत का कहना है कि जाधव को ईरान से अगवा किया गया था जहां नौसेना से सेवानिवृत्त होने के बाद उनके व्यापारिक हित थे।

# भारत में चीन के खिलाफ अकेले खड़े होने की हिम्मत, ड्रैगन भी हैरान: यूरोपीय थिंक टैंक

**एम्सटर्डम।** गलवान घाटी में 15 जून को हिंसक झड़प के बाद भारत ने भविष्य में किसी सीमा विवाद के दौरान चीन के खिलाफ अकेले खड़े होने का विश्वास दिखाया है। भले ही अमेरिका ने बीजिंग के खिलाफ 'क्वॉड अलायंस' बनाने का ऑफर दिया है, लेकिन भारत के अकेले तन जाने से ड्रैगन भी हैरान है। एक यूरोपीय थिंक टैंक ने यह बात कही है। पूर्वी लद्दाख में झड़प के बाद से भारत और चीन के बीच कई दौर की बातचीत हो चुकी है। इसके कुछ अच्छे परिणाम भी सामने आए हैं और दोनों देशों की सेनाएं कुछ विवादित जगहों से पीछे हटी हैं, लेकिन चीनी सैनिक देपसांग, गोरा, फिंगर इलाकों में टिकी हुई हैं।

यूरोपीय फाउंडेशन फॉर साउथ एशियन स्टडीज ने एक समीक्षा में कहा, ''पैंगोंग त्सो में डिसइंगेजमेंट की शुरुआती प्रक्रिया में चाइनीज फिंगर 2 से फिंगर 5 इलाकों में पीछे हटे, लेकिन रिज लाइन पर तैनाती बनी रही। भारत जोर दे रहा है कि चीनी सैनिक फिंगर 5 से फिंगर 8 तक से हटें। भारत ने चीनी सैनिकों के पूरी तरह पीछे हटने तक अग्रिम इलाकों से हटने पर विचार से इनकार कर दिया है।'' थिंक टैंक ने कहा, ''2017 में डोकलाम की तरह, ड्रैगन की आक्रामकता के खिलाफ भारतीय राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व की ओर से दिखाए गए दृढ़ता और संकल्प ने चीन को हैरान कर दिया है।'' भारतीय रक्षा मंत्रालय की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए EFSAS ने कहा कि जब तक सैन्य और कूटनीतिक स्तर पर बीतचीत के जरिए सहमति नहीं बन जाती, तनातनी लंबे समय तक रह सकती है। दूसरे शब्दों में, बेहद कठिन मौसम के बावजूद दोनों देश सर्दी में भी टिकने की तैयारी में हैं। EFSAS ने कहा कि भारत ने सियाचिन ग्लेशियर की तरह यहां बड़े पैमाने पर सैन्य सामान और रसद एकत्रित कर लिया है। भारत की ओर से तैयारी से पता चलता है कि भारत सीमा पर किसी गंभीर टकराव का मुकाबला करने के लिए काफी मजबूत है। EFSAS के मुताबिक, भारत उम्मीद करता है कि मौजूदा तनाव का हल बाचतीच के जरिए निकल जाएगा, लेकिन इसने अपने इलाकों की रक्षा के लिए संभावित टकराव को लेकर इसने तैयारी में कोई कसर नहीं छोड़ी है। यह भारत और चीन के लिए पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान बनाना सबसे अच्छा विकल्प हो सकता है, जिसमें चीन का चेहरा बचाकर निकलने का रास्ता शामिल है।



opensearch

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी में खुला देश का पहला पुलिस कैफेए पुलिसकर्मियों को हेल्दी फूड के साथ मिलेंगी ये सुविधाएं

**लखनऊ ।** लखनऊ कोरान संकट में जो देशवासियों के लिए माहामारी के सामने ढाल बन कर खड़े हैं कोरोना वारियर्स। इन वारियर्स में देश के तामाम पुलिसकर्मी भी शामिल हैं जो कोरोना काल में 24 घंटे भी ड्यूटी पर तैनात रह कर अपना फर्ज निभा रहे हैं। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फर नगर में पुलिसकर्मियों के लिए स्पेशल कैफे खोला गया है जिसे पुलिस कैफेश का नाम दिया गया है इस कैफे की शुरुआत मुजफ्फर नगर अभिषेक यादव ने पुलिसकर्मियों की सेहत को ध्यान में रखते हुए की है। इसकी जानकारी खुद मुजफ्फरनगर पुलिस ने अपने ट्वीटर अकांउट से दी। बता दें कि इस कैफे को खोलने का मकसद पुलिसकर्मियों को हेल्दी फूड उपलब्ध कराना है। गौरतलब है कि लम्बी ड्यूटी के कार। पुलिसकर्मि समय पर खाना नहीं खा पाते हैं और कई बार तो जंक फूड से काम चलाना पड़ता है इसको ध्यान में रखते हुए पुलिस कैफे और फिटनेस सेंटर बनाया गया हैण बता दें कि मुजफ्फरनगर के पुलिस लाइन में दिल्ली की एक संस्था के साथ मिलकर देश का पहला पुलिस कैफे शुक्रवार से शुरू किया गया। एसएसपी ने बताया कि पुलिस कैफे में न केवल सुबह का नाश्ता और लंच.डिनर की सुविधा मिलेगीए बल्कि ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मियों को नाश्ता.खाने का ऑर्डर करने पर उसे ड्यूटी स्थल पर ही डिलीवरी की भी सुविधा प्रदान की जाएगी।_ कोविड.19 से एक दिन में अब तक की सर्वाधिक 63 मौतों के साथ शुक्रवार को मृतकों का आंकड़ा 1981 पहुंच गया। राज्य में बीते 24 घंटे के दौरान कोरोना संक्रम। के 4404 नये मामले सामने आये। इस प्रकार प्रदेश में कोरोना संक्रम। के 1, 13, 378 मामले हैं।

### सुल्तानपुर में बेरोजगारों के लिये निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिले में पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना संचालित की जा रही है इसमें आवेदन करने के लिए 7 से 23 अगस्त तक ऑनलाइन व्यवस्था प्रदान की गई है। सुलतानपुर जिले के जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी चन्द्रेश त्रिपाठी ने शनिवार को यहां बताया कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग में ओ लेवल कम्प्यूटर एवं सीसीसी प्रशिक्षण योजना को शासन ने ऑनलाइन कर दिया है। वित्तीय वर्ष 2020-21 में पिछड़े वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों 'ओ' लेवल कम्प्यूटर प्रशिक्षण तथा सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु पिछड़ा वर्ग कल्याण की वेबसाइट 'डब्लूडब्लूडब्लू डॉट बेकवार्डवेलफेयर डॉट यूपी डॉट निक डॉट ईन' एवं 'ओबीईकंप्यूटरट्रेनिंग डॉट यूपीएसडीसी डॉट जीओवी डॉट ईन' पर आवेदन कर सकते हैं। कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिये अभ्यर्थी के अभिभावक की वार्षिक आय रूपये एक लाख से अधिक नहीं तथा आयु 18 आयु से 35 वर्ष के लिये बीच ही होनी चाहिए। कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिये (102) इण्टरमीडिएट न्यूनतम शैक्षिक अर्हता आवश्यक है। प्रशिक्षार्थी बेरोजगार हो तथा किसी शिक्षण संस्था से छात्रवृत्ति न ले रहा हो।

### दो दिन पहले गायब हुई थी किशोरी, अब हत्या कर फेंकी गई लाश बरामद

**जौनपुर।** जौनपुर जिले में मड़ियाहूं कोतवाली क्षेत्र के कुंभ गांव में दो दिन पूर्व घर से गायब किशोरी की शनिवार को सुबह घर से 500 मीटर दूर श्रीपालपुर गांव स्थित राजकुमार के मक्के के खेत में हत्या कर फेंकी गई लाश पाए जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस के अनुसार जिले में मड़ियाहूं कोतवाली क्षेत्र के कुंभ गांव निवासी कोलई सरोज की 11 वर्षीय पुत्री रेशमा सरोज गुरुवार की शाम घर से गायब हो गई थी। स्वजनों द्वारा उसकी दो दिन से खोज की जा रही थी। शुक्रवार को ग्राम प्रधान शुशील सरोज द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस भी लड़की के स्वजनों के साथ खोजबीन में जुटी रही, लेकिन किशोरी का कहीं सुराग नहीं मिल सका। शनिवार सुबह खेत में घास काटने के लिए गई महिलाओं ने श्रीपालपुर गांव निवासी राजकुमार के मक्के के खेत में लाश देखा। महिलाओ के शोर मचाने पर वहां ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। वहां पहुंचे ग्रामीणों ने किशोरी की शिनाख्त दो दिन से गायब रेशमा सरोज पुत्री कोलई सरोज निवासी कुंभ के रूप में हुई। किशोरी की गला रेत कर हत्या करने के बाद उसके चेहरे पर ज्वलनशील पदार्थ फेंक दिया गया था। बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना से इनकार नहीं किया जा सकता।

### गुटखा-सिगरेट का सेवन करने वालों में कोरोना का खतरा ज्यादाः विशेषज्ञ

**लखनऊ।** विशेषज्ञों का कहना है कि गुटखा और सिगरेट का सेवन करने वालों को कोरोना संक्रमण होने का खतरा ज्यादा रहता है। खैनी, गुटखा खाने वाले लोग कई गैरसंचारी रोगों के भी आसानी से शिकार बन जाते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लयूएचओ) और शोधकर्ताओं ने भी चेतावनी दी है कि तम्बाकू से कमजोर हुए फेफड़े कोरोना को संक्रमण का दायरा बढ़ाने में मुफीद साबित हो रहे है। केजीएमयू के मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर अरविंद मिश्रा ने बताया, 'तंबाकू का किसी भी रूप में उपयोग करना नुकसानदेह ही है। यह न सिर्फ प्रयोग करने वालों को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि उनके आस-पास के लोगों को भी गंभीर रूप से प्रभावित करता है। उस पर से कोरोना वायरस चूंकि फेफड़ों को प्रभावित करता है, इसलिए सिगरेट, हुक्का या वाटरपाइप जैसी चीज का सेवन करने वालों के लिए यह और भी गंभीर खतरा हो सकता है।' उन्होंने बताया कि तम्बाकू खाने के दौरान इंसान हाथ-मुंह को छूता है।

### उत्तर प्रदेश के जौनपुर में ट्रक और बाइक की टक्कर में युवक की मौत

**जौनपुर।** जौनपुर में मुंगराबादशाहपुर क्षेत्र के मुंगरडीह गांव के पास ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की मृत्यु हो गई। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को यहां बताया कि मुंगरा बादशाहपुर क्षेत्र के सराय रहिचन्दा गांव निवासी दिनेश पटेल(30) सुबह अपने घर से सब्जी लेने मुंगराबादशाहपुर मंडी आ रहा था। जैसे ही युवक मुगरडीह गांव के पास पहुंचा मुंगराबादशाहपुर से सुजानगंज की तरफ गिट्टी लादकर जा रहा तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक उन्होंने बताया कि इस हादसे में युवक की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जेब से मिले आधार कार्ड से युवक की पहचान कर परिजनों को सूचना दी। घटना के बाद ट्रक चालक फरार हो गया। आक्रोशित लोगों ने पीछा किया तो चालक कैथोली गांव के पास ट्रक छोड़कर फरार हो गया। शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। पुलिस चालक की तलाश कर रही है।

# अयोध्या में 1400 गज में बनेगी नई मस्जिद बाबरी जैसा होगा आकारए बचे जगह में हाईटेक अस्पताल



**लखनऊ/एजेंसी।** सुन्नी वक्फ बोर्ड को अयोध्या के धन्नीपुर गांव में दी गई पांच एकड़ जमीन पर मस्जिद निर्मा। के लिए जन सहयोग से धन जुटाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस बाबत बोर्ड की ओर से गठित ट्रस्ट इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउण्डेशन को आयकर की धारा.80 जी व अन्य धाराओं में छूट व अन्य कार्यों के लिए जरूरी पैन ;परमानेंट एकाउंट नम्बरद्ध आवंटित हो गया है। अगले सप्ताह पैन के आधार पर ट्रस्ट का बैंक खाता खोला जाएगा।

इसके बाद जिन लोगों ने मस्जिदए अस्पताल व इण्डो.इस्लामिक रिसर्च सेण्टल आदि के लिए सहयोग करने का वादा किया हैए उनसे आर्थिक सहयोग के लिए कहा जाएगा। एक सवाल के जवाब में अतहर हुसैन ने कहा कि अयोध्या में विवादित स्थल पर जितने क्षेत्रफल 1400 गज में मस्जिद थीए उतने ही क्षेत्रफल में उसी आकार में नई जगह पर मस्जिद का निर्मा। करवाया जाएगा। इसके अलावा बाकी बचे स्थान पर एक बड़ा अस्पताल बनवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट का कार्यालय लखनऊ के हुसैनगंज इलाके में बर्लिंगटन चौराहा स्थित बर्लिंगटन स्क्वायर बिल्डिंग के चौथे तल पर 400 वर्गफुट का कार्यालय भवन ले लिया गया है। इस कार्यालय भवन में ट्रस्ट के नव मनोनीत 9 सदस्यों की सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखते हुए आमने.सामने बैठक होगी। बैठक में आगे की कार्ययोजना तय की जाएगी। वैसे यह ट्रस्ट कुल 15 सदस्यों का हैए मगर अभी चेयरमैन को मिलाकर कुल 9 सदस्य ही मनोनीत हैं।

उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर अयोध्या जिले के धन्नीपुर गांव में वक्फ बोर्ड को मिली पांच एकड़ जमीन पर अस्पतालए लाइब्रेरीए सामुदायिक रसोईघर और रिसर्च सेंटर बनाया जायेगा यह सभी चीजें जनता की सुविधा के लिए होंगी और जनता को सहूलियत देने का काम मुख्यमंत्री का होता है। इसी हैसियत से इनके शिलान्यास के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को आमंत्रित किया जायेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री इस कार्यक्रम में ना सिर्फ शिरकत करेंगेए बल्कि इन जन सुविधाओं के निर्मा। के लिए सहयोग भी करेंगे। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को एक निजी टीवी चैनल को दिये गये साक्षात्कार में अयोध्या में मस्जिद के शिलान्यास कार्यक्रम में शिरकत किये जाने की संभावना संबंधी सवाल पर कहा था कि ना तो उन्हें बुलाया जायेगा और ना ही वह जायेंगे। उन्होंने कहा थाए श्श्अगर आप एक मुख्यमंत्री की हैसियत से यह सवाल पूछ रहे हैंए तो मुझे किसी धर्मए मान्यता या समुदाय से कोई परहेज नहीं है लेकिन अगर आप मुझसे एक योगी के रूप में पूछ रहे हैं तो मैं हरगिज नहीं जाऊंगा क्योंकि एक हिंदू के रूप मुझे अपनी उपासना विधि का पालन करने का अधिकार है ।

### देश का माहौल बिगाड़ने की कोशिश व्हाट्सएप पर भेजा जा रहा भड़काऊ ऑडियों एफआईआर दर्ज



**अयोध्या/एजेंसी।** राजधानी लखनऊ में शनिवार को वाट्सएप पर एक ऑडियो क्लिप वायरल हो रहा है। इसमें स्वतंत्रता दिवस और देश की एकता अखंडता को लेकर टिप्पणी की गई है। कई मीडिया कर्मियों व अन्य लोगों की शिकायत पर हजरतगंज कोतवाली में 505ए, 505ए, 153ए, 153ए,124ए ,295ए, 298ए धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।

पुलिस आयुक्त सुजीत पांडेय के मुताबिक शनिवार को मीडिया कर्मियों और अन्य लोगों के फोन पर कुछ अज्ञात नंबरों से फोन आ रहे हैं। ऑडियो क्लिप सुनने पर वह प्रथम दृष्टया विदेश से ओरिजनेट लगते हैं। फोन करने वाला स्वतंत्रता दिवस को लेकर एवं देश की एकता एवं अखंडता के संबंध में बहुत ही अनर्गल टिप्पणी कर रहा है। उन्होंने बताया कि इस प्रकरण मे थाना हजरतगंज लखनऊ में एफ आईआर दर्ज की गई है। जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाएगा उसके विरुद्ध बहुत सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा मेरी मीडिया बंधुओं से भी अपील है कि यदि उनके मोबाइल पर किसी भी नंबर से इस प्रकार का मैसेज आता है तो कृपया 94 54 40 1508 पर फॉरवर्ड करने की कृपा करें।

गौरतबल है कि अयोध्या में राम मंदिर के भूमि पूजन के बाद से लगातार अराजक तत्व अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणी कर देश का महौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं। पुलिस ऐसे लोगों पर लगातार कार्रवाई कर रही है। सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट कर लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।

### गाजियाबाद में अनियंत्रित कार नहर में गिरी 3 लापता सर्च अभियान जारी



**गाजियाबाद/एजेंसी।** गाजियाबाद जिले के मसूरी इलाके में शुक्रवार देर रात एक कार दुर्घटनाग्रस्त होकर गंग नहर में गिर गई। घटना रात करीब 1 से 2 बजे के बीच की बताई जा रही है।_ कार में सवार 4 लोगों में 3 लोग अभी भी लापता हैं। _घटनास्थल पर प्रशासन के द्वारा सर्च ऑपरेशन चालू है। जिसमें छक्ृथ् टीम की मदद भी ली गई है। कार में सवार 4 लड़के बरेली से चंडीगढ़ की तरफजा रहे थे । मौके पर तैनात सब.इंस्पेक्टर नरेश सिंह को दी जानकारी के अनुसारए कार में सवार 4 लड़के बरेली से चंडीगढ़ की तरफजा रहे थे। जिस क्रम में उनकी गाड़ी दुर्घटना का शिकार हुए। कार को सुबह तालाशी के दौरान निकाल लिया गया।_ जबकि कार में सवार 3 युवकों की खोज अभी भी एनडीआरएफकी टीम के द्वारा की जा रही है। जानकारी के मुताबिकए घटना के समय कार की रफ्तार काफी तेज बताई जा रही हैण्जिसके कार। वो अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। गंग नहर में कार गिरने की घटना पहले भी हो चुकी है।

### परीक्षा सेंटर पर पहुंचने से पहले नहीं किया ये काम तो होगा भारी नुकसान



**लखनऊ/एजेंसी।** नौ अगस्त को आयोजित बीएड प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले किसी भी परीक्षार्थी के शरीर का तापमान 99 से ऊपर मिला तो उसे परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जायेगी।_ परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने से पहले ही मास्क लगाना अनिवार्य होगाए बिना मास्क के किसी को भी प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।_ एडीएम सिटी आरके श्रीवास्तव ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों के गेट पर ही परीक्षार्थियों की थर्मल स्कैनर से जांच होगी । इसमें जिसका तापमान मानक से अधिक मिला उन्हें प्रवेश नहीं दिया जायेगा।_ साथ ही जो परीक्षार्थी बिना मास्क के आयेंगे उन्हें भी प्रवेश परीक्षा में शामिल नहीं होने दिया जायेगा। 9 अगस्त को 52 केंद्रों पर आयोजित होगी बीएड प्रवेश परीक्षा रू बीएडी प्रवेश परीक्षा के लिए गोरखपुर 52 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं।_ दो पालियों की परीक्षा में 25800 परीक्षार्थी शामिल होंगे । _जिलाधिकारी के।_ विजयेन्द्र पांडियन ने बताया कि केंद्र प्रतिनिधि व केंद्र प्रभारी का यह दायित्व होगा कि परीक्षा तिथि नौ अगस्त को गोरखपुर विश्वविद्यालय के कन्वेन्शन हालए दीक्षा भवन के पास ;अस्थायी डबल लाकद्ध सुबह 4ण्30 बजे तक प्रत्येक दशा में उपस्थित रहेंगे । प्रश्नपत्रों का गोपनीय शील्ड पैकेट कोषागार से प्रथम सत्र के लिए सुबह 4ण्30 बजे और द्वितीय सत्र के लिए सुबह 9ण्30 बजे प्राप्त कर अपने से संबंधित परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित समय पर पहुंचायेंगे। परीक्षा गोरखपुर मंडल के गोरखपुरए देवरिया और कुशीनगर जनपद के 68 केंद्रों पर आयोजित होगीए जिसमें कुल 30ए599 अभ्यर्थी शामिल होंगे। फेसमास्क अनिवार्य होगा। अभ्यर्थी बिना मास्क के परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं पा सकेंगे। यह जानकारी परीक्षा के नोडल समन्वयक प्रो राजवन्त राव ने दी।

उन्होंने बताया कि गोरखपुर के 52 केन्द्रों के अध्यक्षों एवं पर्यवेक्षकों की तैयारी बैठक शुक्रवार को विश्वविद्यालय के दीक्षा भवन में होगी। परीक्षा को शुचितापू।ि एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिये जिला प्रशासन के सहयोग से कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं । कोरोना संक्रम। से बचाव को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुये प्रत्येक परीक्षा केन्द्र को थर्मल स्कैनर एवं सेनिटाइजर जैसे उपायों के लिये विशेष धनराशि प्रदान की जा रही है ।

opensearch

### केरल विमान हादसे में पायलट अखिलेश यूपी मथुरा का लाल भी मौत का शिकार



**लखनऊ /एजेंसी।** केरल विमान हादसे में मारे गए को. पायलट अखिलेश यूपी के इस शहर सेए जानें और कौन.कौन है परिवार में केरल विमान हादसे में मथुरा का लाल भी मौत का शिकार हो गया। विमान का को.पायलट मथुरा के गोविंद नगर का रहने वाला अखिलेश शर्मा था। अखिलेश की मौत की सूचना पर परिवार में और घर के आस.पास शोक का माहौल है।

गौरतलब है कि दुबई से 190 लोगों को लेकर आ रहा एयर इंडिया का विमान शुक्रवार को केरल के कारीपुर एयरपोर्ट के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। मूल रूप से थाना हाईवे क्षेत्र के अंतर्गत गांव मोहनपुर अ।_की निवासी तुलसीराम शर्मा गोविंद नगर के सेक्टर ए में रहते हैं। तुलसीराम का का 32 वर्षीय पुत्र अखिलेश शर्मा इस विमान का को.पायलट था। रात करीब 10:30 बजे परिवार को एयर इंडिया की ओर से इस घटना की सूचना मिली। सूचना मिलने पर परिवार के लोग स्तब्ध रह गए।

केरल रवाना हुए भाई और बहनोई रात में ही अखिलेश का छोटा भाई राहुल और बहनोई दिल्ली एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गए। जहां से वह केरल पहुंचेंगे।

2017 में नियुक्त हुआ था एयर इंडिया में पिता तुलसीराम ने बताया कि 2017 में अखिलेश शर्मा एयर इंडिया में को पायलट के रूप में भर्ती हुआ था। लॉकडाउन के बाद वह अभी तक घर नहीं आया था। कल शाम को दुबई से एयर इंडिया की फ्लाइट लेकर वह केरल के कारीपुर के लिए उड़ा थाए जहां यह हादसा हो गया। अखिलेश शर्मा की करीब 2 वर्ष पूर्व ही धौलपुर निवासी मीरा से शादी हुई थी। उनकी पत्नी मीरा इस समय गर्भवती है। अखिलेश की मौत की सूचना अभी परिवारीजनों ने पत्नी को नहीं दी है। अखिलेश के हैं दो भाई और एक बहन तुलसीराम शर्मा के 3 पुत्र और एक पुत्री है। सबसे बड़ी पुत्री हैए जिसकी शादी हो चुकी है। दूसरे नंबर पर अखिलेश शर्मा थे। अखिलेश से छोटे राहुल और सबसे छोटा रोहित है।

### कोरोना संक्रमितों के मरीजों को दी जाएगी अब नयी दवा

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों को आइवरमेक्टिन नामक टैबलेट देने का निर्देश जारी किया है।_ अपर मुख्य सचिव की ओर से जारी पत्र में सभी मुख्य चिकित्सा पदाधिकारियों को यह निर्देशित किया गया है कि तकनीकी विशेषज्ञों की आहूत बैठक में कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों को आइवरमेक्टिन नामक टैबलेट देने पर सहमति दी गयी है। देश के कई अस्पतालों में आइवरमेक्टिन टैबलेट के इस्तेमाल के बाद आये नतीजों को देखकर यह फैसला लिया गया है।_ स्वास्थ्य विभाग कोरोना पॉजिटिव मरीजों के संपर्क में आये लोगों को संभावित संक्रम। से बचाने के लिए भी इस दवा को लेने का निर्देश दिया है । महानिदेशक की अध्यक्षता में तकनीकी विशेषज्ञों की बैठक हुई।

### झमाझम बारिश के साथ हुई वीकेंड की शुरुआत मौसम भी बना सुहावना



**लखनऊ/एजेंसी।** राजधानी लखनऊ के वीकेंड की शुरुआत झमाझम बारिश के साथ हुई। शनिवार यानी आज पूर्ण बंदी के चलते छुट्टी का दिन था। ऐसे में लोगों ने बारिश का लुत्फ उठाया। मौसम विभाग के अनुसार बारिश का सिलसिला अगले तीन.चार दिन जारी रहेगा। इस बीच कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश की संभावना है। बारिश के चलते मौसम भी सुहावना बना रहेगा।

दरअसल बीते कई दिनों से लोग झमाझम बारिश की बाट जोह रहे थे। बीच.बीच में बादल आते और कुछ स्थानों पर हल्की बारिश भी हुई लेकिन अच्छी बारिश का इंतजार खत्म नहीं हुआ। आलम यह है कि मॉनसून इस बार प्रदेश पर कुछ काम मेहरबान रहा है। उत्तर प्रदेश में अब तक कुल 3 99ण5 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई है जो सामान्य के मुकाबले 91 फीसद ही है। वहीं अगस्त माह की बात करें तो प्रदेश में नॉर्मल बारिश 62ण2 होनी चाहिए थी जबकि इस की लगभग आधी 33ण1 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई है। राजधानी लखनऊ का भी हाल अच्छा नहीं है। यहां भी एक जून से सात अगस्त के मध्य सामान्य की 66 प्रतिशत बारिश ही हुई है । बीते वर्ष के रिकॉर्ड देखें तो सात अगस्त तक 410,1 मिलीमीटर बारिश हुई थी। अगस्त के पहले सप्ताह के बारिश के आंकड़े देखें तो सामान्य के मुकाबले 54,7 फीसद अर्थात 33ण् 6 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई है । साफ है कि इस बार मानसून कम से कम प्रदेश की राजधानी लखनऊ में तो कम मेहरबान रहा है। हालांकि देखा गया है ।

# सीएम योगी ने नोएडा में 400 बेड के अत्याधुनिक कोविड अस्पताल का उद्घाटन

**लखनऊ/एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा के सेक्टर.39 में 400 बेड वाले कोविड.19 अस्पताल का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में नोएडा के जिलाधिकारी सुहास एलवाई भी मौजूद थे। इससे पहले शुक्रवार को सीएम योगी ने बरेली में कोविड.19 के सम्बन्ध में बरेली मण्डल में किए गए चिकित्सा उपायों तथा इससे जुड़े प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा की और वहां 300 बेड का डेडिकेटेड कोविड अस्पताल का स्वरूप देने का निर्देश दिया। **कोरोना से एक दिन में सर्वाधिक मौतें-**

उत्तर प्रदेश में कोविड.19 से एक दिन में अब तक की सर्वाधिक 63 मौतों के साथ शुक्रवार को मृतकों का आंकड़ा 1981 पहुंच गया। _राज्य में बीते 24 घंटे के दौरान कोरोना संक्रम। के 4404 नये मामले सामने आये। इस प्रकार

**उत्तर प्रदेश में कोविड.19 से एक दिन में अब तक की सर्वाधिक 63 मौतों के साथ शुक्रवार को मृतकों का आंकड़ा 1981 पहुंच गया।**

प्रदेश में कोरोना संक्रम। के 1ए 13,378 मामले हैं। अपर मुख्य सचिव ;गृह एवं सूचनाद्ध अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि संक्रम। के उपचाराधीन मामलों की संख्या 44, 563 है जबकि 66,834 लोग उपचारित होकर अस्पतालों से छुट्टी पा चुके हैं। अवस्थी ने बताया कि बृहस्पतिवार को 95,737 सैम्पल जांचे गये। अब तक 28 लाख से अधिक सैंपल की जांच की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि होम आइसोलेशन ;घर पर एकांतवासद्ध में इस समय 15,035 लोग हैं



जबकि 1325 लोग निजी अस्पतालों में उपचार करा रहे हैं और 170 लोग सेमी पेड सुविधाओं का उपयोग कर रहे हैं । उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में कोरोना संक्रमित एक थाना प्रभारी की मौत हो गयी। बता दें कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर लखनऊ, आजमगढ़, मुरादाबाद,वारा। मेरठ, झांसी बलिया कानपुर नगर प्रयागराज बरेली गोरखपुर व सहारनपुर जिले में शासन की ओर से नामित नोडल अधिकारी लगातार नजर बनाये हुए हैं। इस जिलों में मौत की खबरें ज्यादा हैं। ऐसे में यकीनन जन्मभूमि पर भव्यतम राम मंदिर का निर्मा। होते-होते अयोध्या का भी कायाकल्प हो चुका होगा।

**46 जिलों में लेवल-टू कोविड अस्पताल दस.दस बेड के आईसीयू-**

लखनऊ कोरोनावायरस भयावह हो रहा है। हर रोज हजारों लोग वायरस की चपेट में आ रहे हैं। ऐसे में गंभीर मरीजों का समय पर इलाज मुश्किल हो रहा है। लिहाजा ए सरकार ने प्रदेश भर में लेवल.टू कोविड अस्पताल बनाने के निर्देश दिए । स्वास्थ्य विभाग ने 46 जनपदों का खाका तैयार कर लिया है। यहां दस.दस बेड के आइसीयू भी बनेंगे।

राज्य में कोरोना के केस एक लाख से अधिक हो चुके हैं। वहीं राजधानी में भी आंकड़ा दस हजार पार कर चुका है। खतरनाक बीमारी ने कई मरीजों की जान ले चुकी है। वहीं आए दिन गंभीर मरीजों के इलाज में लापरवाही के मामले भी उजागर हो रहे हैं। कोरोना के गंभीर मरीजों के लिए आइसीयू बेड का बड़ा संकट खड़ा हो गया है। लिहाजा ए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश भर में कोविड लेवल.टू के अस्पताल बनाने का फैसला किया है। स्वास्थ्य विभाग को तत्काल चिकित्सकीय व्यवस्थाएं दुरुस्त करने का निर्देश दिया । लिहाजाए महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य डॉ.डीएस नेगी ने प्रदेश के 46 जनपदों का चयन किया।

# यूरोप के सबसे अमीर व्यक्ति को पछाड़ मुकेश अंबानी बने दुनिया के चौथे रईस




**नई दिल्ली।** मुकेश अंबानी यूरोप के सबसे अमीर व्यक्ति को पीछे छोड़ते हुए अब दुनिया के चौथे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के मुताबिक रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन की दौलत अब 80.6 अरब डॉलर (करीब 6.03 लाख करोड़ रुपये) हो गई है। उनकी दौलत फ्रांस के बर्नार्ड अरनॉल्ट से ज्यादा हो गई है। हालिया रैंकिंग के मुताबिक मुकेश अंबानी ने एलवीएमएच के बर्नार्ड अर्नोल्ट एंड फैमिली को पछाड़ दिया है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स की रियल टाइम नेटवर्थ के मुताबिक मुकेश अंबानी 80.6 अरब डॉलर (करीब 6.03 लाख करोड़ रुपये) की संपत्ति के साथ चौथे पायदान पर आ गए हैं। संपत्ति के मामले में मुकेश अंबानी अब फेसबुक के फाउंडर मार्क जुकरबर्ग (102 अरब डॉलर) के करीब आ गए हैं। हालांकि, अभी भी अंतर काफी बड़ा है। मुकेश अंबानी से पहले पहले स्थान पर अमेजन के जेफ बेजोस, दूसरे स्थान पर माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर रहे बिल गेट्स और तीसरे स्थान पर फेसबुक के फाउंडर मार्क जुकरबर्ग हैं। अब चौथे स्थान पर मुकेश अंबानी हैं। भारत के सबसे अमीर व्यक्ति ने हाल ही में कुछ सबसे बड़े कारोबारियों को पीछे छोड़ दिया था। इस सूची में सिलिकन वैली के बड़े नाम जैसे एलन मस्क और अलफाबेट इंक के को-फाउंडर सर्गी ब्रिन और लैरी पेज जैसे नाम शामिल है। इसके अलावा ऑरेकल ऑफओमाहा कहे जाने वाले वॉरेन बफे का नाम भी शामिल है।

# पाकिस्तान को झटका- कर्ज चुकाने के बाद भी सऊदी अरब नहीं दे रहा कच्चा तेल, लगाई मदद की गुहार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पाकिस्तान को सऊदी अरब से उधार पर कच्चा तेल मई से नहीं मिला है उसे आपूर्तिकर्ता की ओर से इस सुविधा को जारी रखने के बारे में अभी कोई जवाब नहीं मिला है। रिपोर्ट के मुताबिक दोनों पक्षों के बीच इस बाबत 3.2 अरब डॉलर के समझौते की मियाद दो महीने पहले ही समाप्त हो चुकी है। पाकिस्तान ने सऊदी अरब से इस व्यवस्था के विस्तार का आग्रह किया है, लेकिन अभी तक उसे इस पर जवाब नहीं मिला है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक सऊदी अरब ने नवंबर, 2018 में पाकिस्तान की बाहरी क्षेत्र की चिंता को दूर करने के लिए 6.2 अरब डॉलर के पैकेज की घोषणा की थी। सऊदी अरब से 3.2 अरब डॉलर की कच्चे तेल की सुविधा इसी पैकेज का हिस्सा है। पेट्रोलियम विभाग के प्रवक्ता साजिद काजी ने कहा कि यह करार मई में समाप्त हो गया। वित्त विभाग इसके नवीकरण का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को सऊदी अरब सरकार से जवाब का इंतजार है। बजट अनुमानों के अनुसार सरकार को वित्त वर्ष 2020-21 में न्यूनतम एक अरब डॉलर का कच्चा तेल मिलने की उम्मीद है। पाकिस्तान का वित्त वर्ष जुलाई से शुरू होता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान ने समय से चार महीने पहले एक अरब डॉलर का सऊदी अरब का ऋण चुका दिया है। सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि यदि पाकिस्तान को चीन से इसी तरह की सुविधा मिलती है तो वह दो अरब डॉलर का नकद ऋण भी लौटाने की स्थिति में होगा। सऊदी अरब डॉलर से तीन अरब डॉलर के नकदी समर्थन तथा सालाना 3.2 अरब डॉलर की कच्चे तेल की सुविधा में दो साल के लिए नवीकरण का प्रावधान है।



## जी सी मूर्मू ने संभाला सीएजी के तौर पर कार्यभार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व उपराज्यपाल गिरीश चंद्र मुर्मू ने शनिवार को देश के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) का पद संभाल लिया। इससे पहले सुबह राष्ट्रपति भवन में मुर्मू ने नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के पद की शपथ ली। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी बयान के अनुसार मुर्मू ने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के समक्ष पद की शपथ ली। पूर्व नौकरशाह मुर्मू गुजरात कैडर के 1985 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी हैं। नए कैग के रूप में उनका कार्यकाल 20 नवंबर, 2024 तक है। उन्होंने शुक्रवार को सेवानिवृत्त हुए राजीव महर्षि का स्थान लिया है। कैग एक संवैधानिक पद है जिसपर केन्द्र सरकार और राज्य सरकारों के खातों की लेखापरीक्षा करने की प्राथमिक जिम्मेदारी है। कैग की लेखापरीक्षा रिपोर्टों को संसद और राज्य विधानसभाओं में पेश किया जाता है। मुर्मू को राष्ट्रपति भवन में सुबह पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा राजीव महर्षि भी मौजूद थे। राष्ट्रपति भवन में पद और गोपनीयता की शपथ लेने के बाद मुर्मू कैग के कार्यालय पहुंचे। वहां उनका स्वागत भारतीय अंकेक्षण एवं लेखा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने किया। संघ शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर का उपराज्यपाल बनने से पहले मुर्मू व्यय विभाग में संयुक्त सचिव, वित्तीय सेवा और राजस्व विभाग में अतिरिक्त सचिव रह चुके हैं। बाद में वह व्यय विभाग में विशेष सचिव रहे। उसके बाद उन्हें विभाग का सचिव बनाया गया। केंद्र में अपने कार्यकाल से पहले मुर्मू गुजरात में महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं। बयान में कहा गया है कि उनके पास प्रशासनिक, आर्थिक और बुनियादी ढांचा क्षेत्र का गहन अनुभव है। मुर्मू उत्कल विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर हैं। उनके पास बर्मिंघम विश्वविद्यालय से एमबीए की डिग्री हैं। उनका जन्म 21 नवंबर, 1959 को ओड़िशा के मयूरभंज जिले में हुआ था। उनका विवाह स्मिता मुर्मू से हुआ है। उनकी एक पुत्री (रुचिका) और एक पुत्र (रुहान) है।



# शेयर बाजारः सेंसेक्स और निफ्टी मामूली बढ़त के साथ बंद

**एजेंसी, नई दिल्ली।** गिरावट के साथ खुलने वाले शेयर बाजार की चाल आज दिनभर सुस्त रही।

सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन शुक्रवार को बाजार मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 15 अंकों की मामूली तेजी के साथ 38040 के स्तर पर बंद हुआ।

निफ्टी ने 13.90 अंकों की बढ़त के साथ 11,214.05 के स्तर पर आज के कारोबार को विराम दिया।

निफ्टी गेनर की लिस्ट में आज एशियन पेंट्स टॉप पर है। इसके शेयर 4.65 फीसद की तेजी के साथ 1807 रुपये 80 पैसे पर बंद हुए।

बजाज फाइनेंस, यूपीएल और इंडसइंड बैंक भी हरे निशान के साथ बंद हुए। गिरावट वाले स्टॉक में टाइटन, एचसीएलटेक, इन्फोसिस, सन फार्मा और महिंद्रा एंड महिंद्रा के रहे।

शेयर बाजार गिरावट के साथ खुला। गुरुवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 74.38 अंकों की गिरावट के साथ 37,946.30 के स्तर पर खुला।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी दिन के कारोबार की शुरुआत लाल निशान के साथ हुई। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 125 अंक लुढ़क कर 37,900.22 के स्तर पर था तो वहीं निफ्टी 24.85 अंक गिरकर 11,175.30 के स्तर पर।

निफ्टी टॉप गेनर में यूपीएल, बीपीसीएल, आईओसी, कोल इंडिया और ओएनजीसी जैसे स्टाक हैं तो वहीं टॉप लूजर में टाटा स्टील, एचसीएल, आईसीआईसीआई बैंक, हिन्डाल्को और इन्फोसिस जैसे स्टॉक प्रमुख हैं। सेंसेक्स में सबसे अधिक एक प्रतिशत की गिरावट एचसीएल टेक में हुई। इसके अलावा एचडीएफसी, एचडीएफसी बैंक, इंफोसिस, सन फार्मा, आईसीआईसीआई बैंक और कोटक बैंक में भी गिरावट हुई। दूसरी ओर एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व, इंडसइंड बैंक और टीसीएस फायदे में थे।



opensearch

# कभी एयर इंडिया एक्सप्रेस ने कोझिकोड हवाईअड्डे और हवाई पट्टी को बताया था सबसे खूबसूरत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** चार साल पहले एयर इंडिया एक्सप्रेस ने कोझिकोड अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे को देश के सबसे खूबसूरत हवाईअड्डे और हवाईपट्टी की सूची में शामिल किया था। शुक्रवार को बजट एयरलाइन का बोइंग 737 विमान इसी हवाईअड्डे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें कम से कम 18 लोग मारे गए। केरल के हवाईअड्डे में स्थित टेबलटॉप रनवे पर विमान उतारना पायलटों के लिए चुनौती रहा है । वहां जरा सी भी गलती नहीं हानी चाहिए।

एयरलाइन ने 26 अगस्त, 2016 को देश के सबसे खूबसूरत रनवे और हवाईअड्डों पर ब्लॉग लिखा था। इसमें कहा गया था कि उड़ान का आनंद उस समय और बढ़ जाता है जबकि आपका स्वागत काफी खूबसूरत दृश्यों से होता है। यह आपको सपनों का स्थान है।

काफी खूबसूरत स्थानों पर स्थित हवाईअड्डों तथा रनवे की सूची में एयरलाइन ने कोझिकोड हवाईअड्डे का भी उल्लेख किया था। कोझिकोड को कालीकट भी कहा जाता है।

एयरलाइन की वेबसाइट पर लिखे ब्लॉग पोस्ट में कहा गया था कि कालीकट अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा, जिसे करीपुर हवाईअड्डा भी कहा जाता है, एक अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा है जो केरल के कोझिकोड और मल्लपुरम शहरों को सेवाएं प्रदान करता है। यह मल्लपुरम से करीब 25 किलोमीटर और कोझिकोड से करीब 28 किलोमीटर दूर करीपुर में स्थित है।

ब्लॉग में कहा गया था कि यह देश के टेबलटॉप रनवे वाले तीन हवाईअड्डों में से है। पहाड़ी क्षेत्र में स्थित यह हवाईअड्डा पायलटों के लिए चुनौती है। इस ब्लॉग में जिन अन्य हवाईअड्डों का जिक्र किया गया है उनमें मिजोरम, लक्षद्वीप, लेह और शिमला शामिल हैं।

## बाजार समीक्षा

### खपत कमी के बावजूद 3 माह में सरसों के दाम 30 फीसदी बढ़े

# स्टॉकिस्टों की सक्रियता से सरसों उछली

**इंदौर।** स्टॉकिस्टों की सक्रियता से सरसों की कीमतों में तेजी का दौर चल रहा है, जबकि ऊंचे मूल्य स्तर पर सरसों तेल व खली की मांग बेहद कम रह गई है। प्रमुख उत्पादक राज्य राजस्थान की मंडियों में तेल कंडीशन आधारित सरसों बढ़कर 4900 रु क्विंटल पहुंच गई हैं। दरअसल विदेशी बाजारों में खाद्य तेलों के दाम काफी बढ़ जाने से स्टॉकिस्ट कम मात्रा में सरसों की बिकवाली कर स्टॉक रोक रहे है, जिससे भाव की तेजी को बल मिल रहा है।

व्यापारियों के अनुसार भरतपुर में सरसों खल बढ़कर 2100 रु क्विंटल, और सरसों तेल प्रति 10 किलो 1030-1040 रु बोले जा रहे है। वैसे देश में लॉकडाऊन दौर में तेल प्लांटों में सरसों का पिलान कम होने से पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। सोयाबीन और मूंगफली की बुआई ज्यादा होने से बंपर फसल की उम्मीद है। अतः स्टॉकिस्टों के हौंसले पस्त होने पर एक बार सरसों की कीमतों में नरमी आने का अनुमान है। वहीं ऊंचे मूल्य स्तर पर आगे मुनाफावसूली बढ़ सकती है। वायदा कारोबार के सटोरिए अभी भी भरपूर तेजी की आसा संजोए बैठे है, इनका मानना है कि आगे सरसों बढ़कर 5400 से 5500 रु क्विंटल तक पहुंच सकती हैं। जानकारों के अनुसार कोरोना के कारण चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही अप्रैल-जून में सरसों पेराई केवल 21 लाख टन ही हुई है, जोकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के मुकाबले करीब 10 फीसदी कम है। व्यापारियों के अनुसार वायदा में हो रही सट्टेबाजी से सरसों की कीमतें महज 3 महीने में करीब 30 फीसदी तक बढ़ चुकी हैं। हालांकि इस साल ब्राजील, अमेरिका वभारत में भी सोयाबीन का रकबा बढने से बेहतर पैदावार संभव है। लिहाजा, इनके दाम गिरने पर सरसों में मुनाफा वसूली बढ़ने की संभावना है।

### नेफेड के पास 8 लाख टन से ज्यादा सरसों स्टॉक

कृषि मंत्रालय के अनुसार बीते फसल सीजन के दौरान देश में सरसों उत्पादन घटकर 87.03 लाख टन अनुमानित है, जोकि पूर्व वर्ष के 92.56 लाख टन से खाफी कम है। उधर, उद्योग के अनुसार चालू सीजन में 76 लाख टन उत्पादन का अनुमान है, जो गतवर्ष 81 लाख टन हुआ था। आमतौर पर देश में सरसों की सालाना खपत 70-75 लाख टन होती है, जबकि चालू वित्त वर्ष के पहले तीन महीनों अप्रैल-जून में लॉकडाउन के कारण खपत में कमी आई है। अभी भी मांग कम है। सरकारी कंपनी नेफेड के पास करीब 8 लाख टन से ज्यादा का सरसों का स्टॉक है। सरसों की तेजी विश्व बाजार में सोया व पाम तेल की कीमतों में हुई बढ़ोतरी के कारण भी आई है।

### चीन में सोयाबीन का स्टॉक एक वर्ष के ऊंचे स्तर पर

**इंदौर।** चीन में सोयाबीन का स्टॉक विगत एक वर्ष के ऊंचे स्तर पर 69.6 लाख टन है, जो एक हफ्ते पहले से 3.1 लाख टन ज्यादा है। वहां सोया तेल स्टॉक 12.6 लाख टन एवं डीओसी स्टॉक 8.80 लाख टन है। शुक्रवार को मलेशिया पाम तेल वायदा 722.50 डॉलर प्रतिटन था। केएलसीई 4 रिंगिट नी ची बंद हुई। शिकागो सोया तेल वायदा रनिंग में 24 सेंट नीचा चल रहा था। गत रात्रि को 12 सेंट बढ़कर बंद हुआ था। घरेलू बाजार में खाद्य तेल प्रति 10 किलो सोया रिफाइंड 872-875, साल्वेंट 825 मुंबई रिफाइंड 870, मूंगफली तेल 1250-1270, मुंबई 1260, गुजरात 1235, मुंबई पाम तेल 825, इंदौर 875, कपास्या तेल इंदौर, महाराष्ट्र 830, गुजरात 835 रु था। प्लांट सौदों में सोया तेल धानुका 863, बजरंग 877, विप्पी 878, रुचि 877, अवि 878, प्रकाश 878, एमएस नीमच 864, अमृत 870, अंबिका 875 रु था। सोयाबीन प्लांट डिलीवरी प्रकाश 3875, महाकाली, प्रेस्टिज, अवि, खंडवा 3825, रुचि 3840, कृति, सांवरिया 3800 रु थे। कपास्या खली प्रति 60 किलो इंदौर देवास, उज्जैन 1300 खंडवा-बुरहानपुर 1275 तथा अकोला प्रति क्विंटल 1875 रु बताई गई।

## गोल्ड से 5 गुनी रफ्तार में भाग रही चांदी, 5 दिन में 10243 रुपये उछली

**नई दिल्ली।** वैसे तो सोने-चांदी की कीमतों में तेजी कई महीनों से बरकरार है। वह भी तब, जब लोग जेवर खरीदने में रुचि कम ले रहे हैं।

इसके बावजूद दोनों धातुओं की कीमत आसमान छू रही है। इस महीने यानी अगस्त में केवल पांच कारोबारी दिन में चांदी की रफ्तार सोने के मुकाबले 5 गुना बढ़ी है। 3 अगस्त से 7 अगस्त के बीच सोने का हाजिर भाव जहां 2303 रुपये बढ़ा है तो वहीं चांदी का 10243 रुपये। तीन अगस्त को चांदी 64770 रुपये प्रति किलो की दर से बंद हुई थी और शुक्रवार 7 अगस्त को यह 75013 रुपये पर बंद हुई। वहीं सोना 3 अगस्त को 53976 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था, लेकिन शुक्रवार को यह 56126 रुपये पर बंद हुआ।

**अपनी तेजी से चौंका रही चांदी, सोना हुआ और खरा**

| तारीख | सोने का रेट (रुपये/10 ग्राम) | चांदी का रेट (रुपये/ किलो ग्राम) |
|---|---|---|
| 07 अगस्त 2020 | 56126 | 75013 |
| 06 अगस्त 2020 | 55914 | 73617 |
| 05 अगस्त 2020 | 55448 | 71200 |
| 04अगस्त 2020 | 54004 | 64735 |
| 03अगस्त 2020 | 53976 | 64770 |

अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब सर्राफा बाजारों में सोने-चांदी के आभूषणों के खरीददार नदारद हैं तो इन धातुओं के दाम कैसे बढ़ रहे हैं? आपके इस सवाल का जवाब दे रहे हैं केडिया कमोडिटीज के डायरेक्टर अजय केडिया। अजय के मुताबिक सामान्य निवेशकों का रुझान गोल्ड, गोल्ड ईटीएफ और बॉन्ड की तरफ बढ़ा है। वहीं कोरोनावायरस संक्रमण के कारण खनन कार्य प्रभावित होने और आपूर्ति बाधित है।



# बदल सकते हैं घर के पुराने पंखे और एसी, बितली वितरण कंपनी दे रही है छूट



**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली में बिजली वितरण करने वाली बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड और बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड ने अपने ग्राहकों के लिये एयर कंडीशनर (एसी) और पंखे बदलने की योजना शुरू की है।

इसके तहत ग्राहक उल्लेखनीय छूट के साथ पुराने पंखों और एयर कंडीशनर को ऊर्जा दक्ष उत्पादों से बदल सकते हैं।

**मिलेगी इतनी छूट**

बीएसईएस प्रवक्ता के अनुसार बीवाईपीएल और बीआरपीएल सुरक्षित और टिकाऊ प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देकर ऊर्जा दक्ष उत्पादों को प्रोत्साहन दे रही हैं।

योजना के तहत दक्षिण, पश्चिम, पूर्व और मध्य दिल्ली के ग्राहक अपनी पुरानी एसी को नये ऊर्जा दक्ष पांच सितारा एयर कंडीशनर से बदल सकते हैं। इस पर उन्हें 64 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी।

**बदला जाएगा पंखा**

बीआरपीएल ने पंखा बदलने की भी योजना शुरू की है।

इसके तहत ग्राहक पुराने पंखों को कम बिजली खपत वाले पंखे से बदल सकते हैं। इसमें ग्राहकों को 67 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी।

बीवाईपीएल भी पूर्वी और मध्य दिल्ली के ग्राहकों के लिये इस प्रकार की योजना शुरू कर सकती है।

**होगी बिजली की बचत**

ग्राहक वितरण कंपनियों के हेल्पलाइन नंबर या वेबसाइट पर जाकर योजना का लाभ उठा सकते हैं।

प्रवक्ता के अनुसार ग्राहक ऊर्जा दक्ष एसी के जरिये सालाना 1,000 यूनिट तक की बिजली बचत कर सकते हैं। यह बचत एसी मॉडल और उसके प्रकार पर निर्भर करेगी।

*** प्रवक्ता के अनुसार ग्राहक ऊर्जा दक्ष एसी के जरिये सालाना 1,000 यूनिट तक की बिजली बचत कर सकते हैं।**

*** यह बचत एसी मॉडल और उसके प्रकार पर निर्भर करेगी।**

*** 64 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी।**

**बदल सकते हैं इतने पंखे**

उसने कहा कि प्रत्येक ग्राहक तीन एसी और पंखे बदल सकते हैं। यह योजना सीमित अवधि के लिये है।

# क्या सोनी सब के शो 'भाखरवाड़ी' में गोखले और ठक्कर परिवार कृष्णा को खो देंगे?

ओपन सर्च

सोनी सब के हल्के-फुल्के पारिवारिक मनोरंजक शो 'भाखरवड़ी' ने 7 साल के लीप के बाद भी अपने दर्शकों को उनकी स्क्रीन से जोड़े रखा है। जहां दोनों परिवार कृष्णा को अपने पास रखने और खुश रखने की कोशिश में लगे हुए हैं, वही अभिषेक (अक्षय केलकर) और गायत्री (अक्षिता मुद्गल) का बेटा दोनों परिवार की सच्चाई से दूर और खुश है, पर अब कहानी एक चौंकाने वाला मोड़ लेती है। हालांकि, दोनों ही परिवार कृष्णा से अपना सच छुपाने के सफल रहे हैं क्योंकि रिकॉर्डिंग वाली पेन ड्राइव टूट जाती है, लेकिन मंदार उसे ठीक करवा के ले आता है और लैपटॉप में ही लगा छोड़ देता है। आखिरकार, कृष्णा गलती से रिकॉर्डिंग सुन लेता है और उसे दोनों परिवार के बीच की झड़प की सच्चाई अंत में पता लग जाती है। उसका दिल टूट जाता है, वह खुद को रूम में बंद कर लेता है और परिवार में से किसी सदस्य से मिलने के लिए राजी नहीं होता। गोखले और ठक्कर परिवार कृश के लिए बहुत ज़्यादा चिंतित हो जाते हैं




और वो उससे रूम से बाहर आने के लिए गुज़ारिश करते हैं, लेकिन उनके हाथ निराशा ही लगती है। वे अंत में कृष्णा के रूम में घुस जाते हैं, और उसे वहां पर ना पाकर सब चौंक जाते हैं। हर कोई कृष्णा को ढूंढ़ने की कोशिश में लगा है। हालांकि, कृश एक वकील के साथ घर आता है और दोनों परिवारों को एक नोटिस देता है कि वह ठक्कर और गोखले दोनों से अलग होना चाहता है, जिससे हर कोई आश्चर्यचकित हो जाता है।

क्या परिवार हमेशा के लिए कृष्णा को खो देंगे?

अभिषेक की भूमिका निभा रहे अक्षय केलकर ने कहा, ÷कोई भी माता-पिता अपने बच्चे को दर्द में नहीं देख सकते। अभिषेक और गायत्री जो अब साथ में नही हैं, लेकिन वो अभी भी अपने बेटे की केयर करते हैं। क्योंकि अब पूरी सच्चाई कृष्णा के सामने आ चुकी है, वे उसके लिए चिंतित है लेकिन उनकी चुनौतियां यही पर खत्म नहीं होती क्योंकि एक और झटका उन्हें लगता है जब कृष्णा उन्हें नोटिस देते हुए उनसे अलग होने की अपनी इच्छा व्यक्त करता है। आगे क्या होगा, इसके लिए दर्शकों को देखना होगा। अन्ना की भूमिका निभाने वाले देवेन भोजानी ने कहा, ÷दोनों ही परिवार कृष्णा पर अपना-अपना अधिकार जताने में लगे हैं। अन्ना अपने पोते को खुश करने और ठक्कर से दूर रखने के सभी प्रयास करते हैं। वह पूरी तरह टूट जाते हैं जब उन्हें ये पता लगता है कि कृष्णा ने परिवारों से अलग होने अनुरोध किया है। हालांकि, अन्ना अपने पोते की कस्टडी पाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे जिसमें बहुत से ट्विस्ट एंड टर्न शामिल है, लेकिन दर्शकों के मनोरंजन की पूरी गारंटी है।

## अक्षय कुमार लगा देगें फ़िल्मों की लाइन




ऐसा कहा जाता है कि एक दिन ऐसा आएगा, जब अक्षय कुमार की दो फ़िल्में आपस में क्लैश हो जाएंगी। बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार यानी अक्षय कुमार एक साल के अंदर 4 से 5 फ़िल्में रिलीज़ कर देते हैं। कोरोना काल में भी उनकी स्पीड थम नहीं रही है। लगातार नई घोषाणाएं हो रही हैं। 7 फ़िल्में और एक वेब सीरीज़ है, जिसमें अक्षय कुमार स्टार हैं और जिनका अभी रिलीज़ होने बाकि है। अक्षय कुमार की दो ऐसी फ़िल्में हैं, जो रिलीज़ को तैयार हैं। पहली लक्ष्मी बम, जिसे डिज़्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज़ किया जाएगा। वहीं, दूसरी फ़िल्म है रोहित शेट्टी की कॉप यूनिवर्स की सूर्यवंशी। इस फ़िल्म को मार्च में ही रिलीज़ किया जाना था, लेकिन कोरोना वायरस की वज़ह से इसे दिसंबर तक टाल दिया गया है।

## सीबीआई को केस हुआ ट्रांसफर

### सुशांत सिंह राजपूत की मौत की सच्चाई अब आएगी सामने



केंद्र ने उच्चतम न्यायालय को सूचित किया कि उसने अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में बिहार सरकार की सीबीआई जांच की सिफारिश को स्वीकार कर लिया है। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय की पीठ ने कहा कि अभिनेता की मौत के पीछे का सच सामने आना चाहिए।

केंद्र की ओर से पेश महाधिवक्ता तुषार मेहता ने न्यायालय को बताया कि बिहार सरकार की सीबीआई जांच संबंधी सिफारिश स्वीकार कर ली गई है। सुशांत सिंह राजपूत के पिता ने उनके बेटे को आत्महत्या के लिए उकसाने की शिकायत करते हुए बॉलीवुड अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती के खिलाफ पटना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। चक्रवर्ती ने इस मामले को पटना पुलिस से मुंबई पुलिस को सौंपे जाने की याचिका न्यायालय में दायर की है। राजपूत (34) का शव 14 जून को मुंबई के उपनगर बांद्रा में उनके अपार्टमेंट में पंखे से लटका मिला था।

राजपूत के पिता के. के. सिंह ने एक वीडियो जारी करते हुए कहा था उन्होंने 25 फरवरी को मुम्बई पुलिस को आगाह किया था कि उनके बेटे की जान को खतरा है।

मुम्बई पुलिस आयुक्त परम बीर सिंह ने सोमवार को कहा था कि परिवार ने पछताछ के दौरान कोई संदेह [illegible] शहर का पुलिस ने 1[illegible] जून [illegible] परिवार के बयान दर्ज किए थे। उन्होंनेख कहा,'' उन्होंने तब कोई संदेह व्यक्त नहीं किया था और जांच में कोताही की कोई शिकायत भी नहीं

### किसने रिया चक्रवर्ती को थाने बुलाकर दबाव बनाने को कहा : मुंबई पुलिस

मुम्बई पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दावा किया है कि सुशांत सिंह राजपूत के जीजा एवं भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी ने उन्हें अभिनेता की प्रेमिका रिया चक्रवर्ती को पुलिस थाने बुलाने और उस पर दबाव बनाने को कहा था। पुलिस उपायुक्त परमजीत सिंह दहिया ने एक टीवी चैनल को बताया कि राजपूत के जीजा एवं हरियाणा के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी ओ. पी. सिंह ने इस साल फरवरी में उनसे यह अनुरोध किया था। अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत (34) उपनगरीय बांद्रा स्थित अपने अपार्टमेंट में 14 जून को मृत मिले थे।



opensearch

## अंकिता लोखंडे ने सुशांत की डिप्रेशन वाली बात पर किया बड़ा खुलासा

कभी टीवी की सबसे मशहूर जोड़ी हुआ करती थी सुशांत सिंह राजपूत और अंकिता लोखंडे की जोड़ी। पर्दे पर पवित्र रिश्ते से बंधें सुशांत और अंकिता सुशांत को तक भी प्यार करती थी दोनों के रिश्ते को टूटे 4 साल हो गये लेकिन सुशांत की मौत के बाद अंकिता के चेहरे पर वही दुख



अंकिता [illegible] जी [illegible] में भी [illegible] दूसरे के करीब थे। सुशांत [illegible] 2016 में [illegible] [illegible] अंकिता से ही शादी करेंगे। अंकिता और सुशांत ने 7 सालों कर एक दूसरे को डेट किया। साल 2016 में भी बॉलीवुड में सुशांत के खिलाफ नाकारात्म प्रचार किया गया जिसमें उनका नाम कृति सेनन के साथ जोड़ा गया। कृति के साथ लगातार सुशांत के अफेयर की खबरों को लेकर अंकिता और सुशांत के बीच विवाद होने लगा। फिर दोनों से एक दूसरे से अलग होने का फैसला कर लिया। अंकिता सुशांत को बहुत प्यार करती थी ये बात किसी से नहीं छुपी हुई है। अंकिता और सुशांत के प्यार की मिसाले आज भी दी जाती थी। दोनों अलग तो हो गये थे लेकिन देखा [illegible] किसी अपने के चले जाने [illegible] होता है। अंकिता ने कहा कि [illegible] एक साल से सुशांत से परिवार से दूरी बना ली थी। ये वहीं समय था जब सुशांत मे रिया चक्रवर्ती को डेट करना शुरू किया था। सुशांत सिंह राजपूत की मौत 14 जून को हुई थी। उनके परिवार ने रिया पर इसे सुशांत को मौत के मुंह में धकेलने का आरोप लगाया। अंकिता ने साफ शब्दों में कहा कि मैं सुशांत के साथ 7 साल तक रही हूं सुशांत को डिप्रेशन नहीं हो सकता है। फिल्म नहीं मिल रही थी इस वजह से डिप्रेशन मैं मान ही नहीं सकती। सुशांत छोटी-छोटी चीज में खुशी ढूंढ लेने वाला इंसान था। उसने अपनी जिंदगी का हर पड़ाव बखूबी पार किया है।

## अलादीन फिर हुआ शापित!

### यास्मींन कैसे अलादीन को उसके मानवीय रूप में वापस लाएगी

मल्लिका (देबिना बनर्जी) को मारने के लिए खंजर (चाकू) की तलाश में निकला, अलादीन(सिद्धार्थ निगम)एक नई दुनिया में पहुंच चुका है। सोनी सब के शो अलादीन॰ नाम तो सुना होगा में एक और चौंकाने वाला मोड़ आ गया है। दरअसल, राजकुमारी तमन्ना (आराधना शर्मा), जो कि खंजर के दूसरे हिस्से की संरक्षक है, ने अलादीन को बिल्ली के रूप में बदल दिया है। दर्शकों को कुछ रोमांचक ट्विस्ट और टर्न्स के लिए कमर कस लेनी चाहिए क्योंकि अलादीन॰ नाम तो सुना होगा में चीज़ें और भी ज़्यादा चुनौतीपूर्ण होने वाली हैं।

मल्लिका के खंजर के पहले टुकड़े को शानदार ढंग से हासिल करने के बाद, अलादीन और उसकी टीम अपने आगे के पड़ाव की ओर बढ़ते हैं जोकि राजकुमारी तमन्ना और उनसे रहस्यमयी महल की ओर है। महल पहुंचने के



बाद अलादीन सिंहासन पर एक बिल्ली को बैठा हुआ देखता है जोकि अचानक एक सुंदर राजकुमारी के रूप में परिवर्तित हो जाती है। यह जानने के बाद कि राजकुमारी तमन्ना ही खंजर के अगले टुकड़े को खोजने की कड़ी है, अलादीन उससे मदद मांगता है, लेकिन गुस्से में तमन्ना अलादीन को एक बिल्ली में बदल देती है।

दूसरी तरफ, यास्मीन(आशी सिंह) और फराज़ (आमिर दलवी) अलादीन के बारे में चिंता करने लगते हैं क्योंकि वह वापस नहीं आता है और बाद में उन्हें पता चलता है कि तमन्ना ने उसे एक बिल्ली में बदल दिया है। अलादीन यास्मीन को उस सिंहद्वार (पोर्टल) की ओर निर्देशित करता है जहां वे कई और लोगो को बिल्ली के रूप में बदला हुआ पाते हैं और जो तमन्ना का शिकार हुए हैं।

अलादीन और यास्मीन को पता चल जाता है कि खंजर का अगला हिस्सा एक सिंहद्वार में हैं जिसे सिर्फ एक इंसान ही पार कर सकता है। यास्मीन बिलकुल तैयार है, क्योंकि अलादीन को उसके मानव रूप में बदलने के लिए, किसी और को बलिदान करने और एक बिल्ली में बदलने की आवश्यकता होगी।

**यास्मीन अलादीन की मदद कैसे करेगी क्या यास्मीन अपना बलिदान दे देगी**

अलादीन की भूमिका निभाने वाले सिद्धार्थ निगम ने कहा, आगामी एपिसोड्स के लिए शूटिंग करने का अनुभव बिलकुल अनूठा था। हमने इन एपिसोड्स के लिए एक असली बिल्ली के साथ शॉर्ट दिया था और यह एक चुनौतीपूर्ण टास्क रहा। मेरे अलादीन के किरदार को अधिक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है जो उसने पहले कभी भी नही झेला है। आगे के एपिसोड्स अलादीन और यास्मीन को एक ऐसी जगह लाकर खड़ा कर देंगे, जहां यास्मीन को अलादीन को उसके असली रूप में वापस लाने के लिए एक कठिन निर्णय लेना होगा। वो सब समय के खिलाफ लड़ रहे हैं और दर्शकों को लिए ये देखना दिलचस्प होगा कि अलादीन को बचाने के लिए सुल्ताना यास्मीन ने क्या फैसला लिया।÷

यास्मीन की भूमिका निभाने वाली आशी सिंह ने कहा, ÷यास्मीन को बहुत ही कठिन निर्णय लेना है। मल्लिका के खंजर के अगले हिस्से को ढूंढ़ने के लिए अलादीन का सिंहद्वार में प्रवेश करना ज़रूरी है जिसमें सिर्फ इंसान ही प्रवेश कर सकते हैं। यास्मीन के आगे एक बड़ी चुनौती है और साथ ही यह निर्णय उसके हाथ में है कि अलादीन को इंसान के रूप में वापस बदलने के लिए वो किसी की बलि दे। इन एपिसोड्स के लिए शूट करना एक रोमांचक अनुभव रहा है क्योंकि हर एपिसोड एक नई और कठिन चुनौतियां उनके सामने ला रहा है। अलादीन॰ नाम तो सुना होगा के आगामी एपिसोड पर हमारे दर्शकों की प्रतिक्रिया देखने के लिए मैं बहुत उत्साहित हूं।

### गुंजन सक्सेना ट्रेलर

## जांबाज ऑफिसर की प्रेरणादायक कहानी

कारगिल हीरो गुंजन सक्सेना की बायोपिक 'गुंजन सक्सेना- द कारगिल गर्ल' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म में गुंजन सक्सेना का किरदार एक्ट्रेस जान्हवी कपूर निभा रही है। फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। शरण डायलॉग है कि हमारी जिम्मेदारी है देश की रक्षा करना तुम्हें बराबरी का मौका देना नहीं। इसके बाद ट्रेलर में दिखाई पड़ती है फिर जान्हवी कपूर की गुंजन सक्सेना के रुप में झलक। ये वो सीन था जब गुंजन कारगिल में अपने लक्ष्य की ओर चली थी। ट्रेलर



शर्मा द्वारा निर्देशित फिल्म में, जान्हवी ने वारज़ोन में प्रवेश करने के लिए भारत की पहली महिला वायु सेना अधिकारी की भूमिका निभाई। गुंजन सक्सेना ने 1999 के कारगिल युद्ध के दौरान एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। यह फिल्म 12 अगस्त को डिजिटल रिलीज़ के लिए तैयार है। 2 मिनट-41 सेकंड के लंबे ट्रेलर की शुरुआत एक वॉयसओवर के साथ होती है जिसमें कहा गया है, ÷वायु सेना में शामिल होना है तो फौजी बनकर दिखाओ वरना घर जाकार, बेलन चालो। फिर एक में आप गुंजन के बचपन से लेकर उनके पायलट बनने तक के सफर की झलक देखी जा सकती हैं। गुंजन सक्सेना के पिता का किरदार निभाने वाले पंकज त्रिपाठी कहते हैं, ÷प्लेन लडका उड़ाए या लड़की, दोनों को पायलट ही बोलते है।÷ बाकी ट्रेलर में जान्हवी को गुंजन सक्सेना के रूप में दिखाया गया है, जो मानव-प्रधान वायु सेना में खुद के लिए एक छाप बनाने की कोशिश कर रही है। उसे इस यात्रा में उसके पिता का समर्थन मिलता है जब बाकी सब उस पर विश्वास करने से इनकार कर देते हैं।

## खुद को संभालना हो जाएगा मुश्किल!

### एकता कपूर की लाल नागिन की सेक्सी लुक

न जाने एकता कपूर ने नागिन 4 किस घड़ी में शुरू हुआ था कि जब से ऑन एयर हुआ था तब से कोई न कोई परेशानी आ ही रही थी। फाइनली एकता कपूर ने लॉकडाउन के बाद नागिन 4 का समापन कर दिया और नये सीजन नागिन 5 की तैयारी शुरू कर दी। ये तो हम आपको बता ही





चुके हैं कि नागिन 5 में आपको एक्ट्रेस हिना खान नजर आने वाली है। हिना खान लाल नागिन बनकर एकता कपूर की सुपरहिट सीरीज नागिन 5 सबको डराने के लिए आ रही हैं। हिना खान लीड नागिन होंगी या विलेन नागिन अभी इस बात का खुलासा नहीं हुआ हैं। हिना खान ने अपने नागिन लुक की एक झलक सोशल मीडिया पर साझा की है। इस छोटे से वीडियो में आप हिना खान को नागिन अवतार में देख सकते हैं। इससे पहले हिना ने नागिन 5 के रोल के लिए जो जैवर पहनने हैं उसकी झलक दिखाई थी। हिना लाल रंग की नागिन ड्रेस में काफी सेक्सी लग रही हैं। आपको बता दें कि टीवी की मशहूर अदाकार निया शर्मा नागिन के सीजन 4 की लीड एक्ट्रेस है। इस शनिवार- रविवार नागिन 4 का आखिरी एपिसोड होगा। माना जा रहा है आखिरी एपिसोड में देव और ब्रिंदा एक हो जाएंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक विजय कुमार द्वारा आदित्य ग्राफिक्स, प्रताप भवन 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, आई.टी.ओ. नई दिल्ली-110002 से मुद्रित कराकर 1536/108 गणेशपुरा रोड, त्रीनगर दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : विजय कुमार RNI No. : DELHIN/2015/66886
अखबार में प्रकाशित तथ्यों एवं लेखों से सम्पादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं, किसी भी कानूनी वाद विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय के अधीन होगा। मोबइल : 9210092542 फोन :- 011-27380260 E-mail : opensearchdelhi@gmail.com